दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी

शादी क बारे में कभी नहीं सोचा था .....

शूटिंग के दौरान सैफ अली खान पर .....

वर्ष : 10 | अंक : 274 | लखनऊ, 15 सितम्बर, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मुझे तीसरी बार भेजा दिल्ली, हरियाणा में भी लगेगी जीत की हैट्रिक : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के लोगों से आगामी राज्य चुनावों में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने का आह्वान किया। कुरुक्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि हरियाणा में फिर से बीजेपी की सरकार बनाने में मदद करें। देश के बुजुर्गों को दी गई गारंटी, मोदी ने पूरी कर दी है। मैं हरियाणा के सभी भाइयों-बहनों से कहूंगा कि आप अपने बाल-बच्चों का ध्यान रखिए, आपके माता-पिता की चिंता आपका ये बेटा, आपका ये भाई कर रहा है। हरियाणा में भाजपा सरकार पूरे सेवा भाव से काम कर रही है। बीते वर्षों में हरियाणा निवेश के मामले में, कमाई के मामले में देश के टॉप राज्यों में पहुंचा है। मुझे इस

बात का गर्व होता है। हमने कांग्रेस की सरकार का वो दौर देखा है... विकास का पैसा सिर्फ एक जिले तक सीमित रह जाता था। इतना ही नहीं, वो पैसा किस-किस के जेब में जाता था, इसको भी हरियाणा का बच्चा-बच्चा जानता है। भाजपा ने पूरे हरियाणा को विकास की धारा से जोड़ा है।

भाजपा सरकार के आने से पहले यहां आधे घरों में नल कनेक्शन नहीं था। आज हरियाणा करीब-करीब शत प्रतिशत नल से जल वाला राज्य बन रहा है। जनता की परेशानी से, जनता की समस्याओं से कांग्रेस को कभी कोई फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी देश में और कोई नहीं है।

आरक्षण वाले नौकरी पा जाएंगे तो सरकारी सेवा की क्वालिटी हो जाएगी खराब

हरियाणा में नेहरू के रिजर्वेशन विरोध का पीएम मोदी ने किया जिक्र

जम्मू-कश्मीर के डोडा की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के कुरुक्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कांग्रेस को जमकर निशाने पर लिया। पीएम ने कहा कि आपने मुझे दिल्ली में लगातार तीसरी बार सेवा करने में मदद की, और यहां के उत्साह और उत्साह को देखकर, यह स्पष्ट है कि हरियाणा ने भाजपा की हैट्रिक तय कर ली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार आने का मतलब है। सबका विकास, तेज विकास। तीसरे टर्म में कुरुक्षेत्र को सांस्कृतिक पर्यटन का बड़ा सेंटर बनाने का हमारा अभियान तेज होगा। पीएम मोदी ने आरक्षण पर कांग्रेस के स्टैंड का जिक्र करते हुए बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि नेहरू जी जब पीएम थे, तो उन्होंने आरक्षण का विरोध किया था। इतना ही नहीं नेहरू जी ने ये भी कहा था कि आरक्षण वाले नौकरी पा जाएंगे तो सरकारी सेवा की क्वालिटी खराब हो जाएगी। नेहरू जी ने ओबीसी आरक्षण के लिए गठित काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश की एकता पर लगातार हमला कर रही है। भाजपा को बदनाम करने के लिए उसको भारत को बदनाम करने में शर्म नहीं आ रही है। इसलिए अब कांग्रेस और उसके साथियों से सावधान रहना है।

भाजपा सबसे बड़ी भूमाफिया पार्टी बन गई है : अखिलेश यादव

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मठाधीश और माफिया में कोई ज्यादा फर्क नहीं होता, के बयान के बाद चारों ओर से घिरे सपा अध्यक्ष अखिलेश ने उनका विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया। कहा कि उनको विरोध तब भी करना चाहिए था, जब कोई नेता कहता था कि.... इनको मारो जूते चार। तब ये संत कहां थे। उनको बुरा नहीं मानना चाहिए।

आज की गठबंधन की राजनीति में मौजूद हैं कर्ण

कहा कि दानवीर कर्ण और त्याग का इतना बड़ा उदाहरण कहीं नहीं मिलता है। आज की गठबंधन की राजनीति में कर्ण मौजूद हैं। राजनीति में अपने विचारों सिद्धांतों को लेकर अगर कुछ त्याग करना पड़ेगा तो हम समाजवादी लोग तैयार हैं।

अखिलेश यादव ने कर्ण के शूद्र होने से खुद को जोड़ा

मायावती के फोन न उठाने के

आरोप के बाद लोकसभा चुनाव का गठबंधन टूटने के आरोप पर सपा प्रमुख ने कहा कि क्या फोन पर गठबंधन बनते और बिगड़ने चाहिए, ? अखिलेश ने महाभारत में दानवीर कर्ण के शूद्र होने को भी खुद से जोड़ा। जो गठबंधन बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर और लोहिया करना चाहते थे, वह नहीं कर पाए। गठबंधन टूटने की बहुत छोटी बात सामने आई है। बहुत पुराने बसपा के नेता मेरे साथ आजमगढ़ मंच पर बैठे थे। मुझे याद है वो मेरी बाईं ओर बैठे थे। जब गठबंधन टूटने की सूचना मिली तो मैंने उनसे पूछा कि अब क्या करना चाहिए, बसपा नेता कहा कि मेरी तरह आपको भी धोखा मिल गया। एक सिगरेट के लिए वाराणसी में यादव जाति के एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई।

पुलिस एनकाउंटर की साजिश कर रही

एनसीआरबी के आंकड़े देखिए, ऐसी बहुत सी घटनाएं उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रही है। पुलिस एनकाउंटर की साजिश कर रही है। रात तीन से साढ़े तीन बजे फेक एनकाउंटर हो जाता है और सुबह पांच बजे प्रेस नोट जारी हो जाता है। अखिलेश ने कहा की मंगेश यादव का पूरा परिवार कल मिला था, उन्होंने बताया कि मंगेश को रात में घर से उठाया गया था। जितने भी एनकाउंटर हुए हैं, समाजवादी पार्टी ने समय समय पर उस पर आवाज उठाया है। जम्मू कश्मीर में 370 हटने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, हम भी चुनाव लड़ रहे हैं।

मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

अतीक अहमद की छह करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति कुर्क

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रयागराज पुलिस ने माफिया अतीक अहमद की अपराध से अर्जित संपत्तियों की कुर्की के क्रम में शुक्रवार को नैनी थानाक्षेत्र में दो भूखंडों की कुर्की की जिसकी अनुमानित कीमत लगभग छह करोड़ रुपये है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी -सिविल लाइंस) श्वेताभ पांडेय ने बताया कि माफिया अतीक अहमद ने इन भूखंडों को अपने परिचित श्याम जी सरोज के नाम खरीदा था जो लगभग 1344 वर्ग मीटर है और इनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब छह करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि अतीक अहदम द्वारा अपराध से अर्जित धन और रसूख से अर्जित अचल संपत्ति की कुर्की गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई है जिसके उपरांत यहां बोर्ड लगाया गया है और नैनी थाने के निरीक्षक को इसका प्रशासक नियुक्त किया गया है। कुर्की के दौरान पुलिस ने लोगों को सचेत किया कि यदि इस परिसर में कोई भी व्यक्ति अनधिकृत प्रवेश करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पिछले वर्ष 15 अप्रैल को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ, आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं : सीएम योगी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, ज्ञानवापी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ ही हैं। सीएम ने कहा कि कुछ लोग ज्ञानवापी को मस्जिद कहते हैं। यूपी के गोरखपुर में एक कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य शंकर काशी में आए तो साक्षात भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेकर आई। उन्होंने इस बात को देखा कि प्रातः काल जब ब्रह्म मुहर्त में आदि शंकर गंगा स्नान के लिए जा रहे होते हैं तो वो सबसे अछूत कहे जाने वाले व्यक्ति के रूप में उनके मार्ग के सामने खड़े हो जाते हैं। स्वभाविक रूप से आचार्य शंकर के मुंह से निकलता है मेरे मार्ग से हटो। सामने से चंडाल एक प्रश्न पूछता है कि आप तो अपने आप को ज्ञान की मूर्त मानते हैं आप किसे हटाना चाहते हैं? आपका ज्ञान का इस भौतिक काया को



देख रही है। इस भौतिक काया के अंदर बसे ब्रह्म को देख रही है। अगर ब्रह्म सत्य है तो आपके अंदर बसा ब्रह्म है वही मेरे अंदर भी है। इस ब्रह्म सत्य को जानकर आप इस ब्रह्म को ठुकरा रहे हैं। इसका मतलब है कि आपका ये ज्ञान सत्य नहीं है। आचार्य शंकर भौतक थे कि एक चंडाल के मुख से इस तरह की बात। उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि आप कौन हैं? जवाब मिला कि जिस ज्ञानवापी की साधना के लिए बीच में ही योगी रुकते हुए बोलते हैं कि दुर्भाग्य से आज लोग मस्जिद बोलते हैं। लेकिन वो ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ ही हैं। योगी फिर आचार्य शंकर की कहानी बताते हुए कहते हैं कि चंडाल ने कहा कि जिस ज्ञानवापी की उपासना के लिए आप केरल से चलकर यहां आए हैं मैं उसका साक्षात स्वरूप विश्वनाथ हूं। तो वो उनके सामने नतमस्तक होते हैं।

गौरतलब है कि ज्ञानवापी दो शब्दों ज्ञान+वापी से मिलकर बना है। जिसका मतलब हुआ ज्ञान का सरोवर। दरअसल, काशी की परंपरा में जल की अहमियत है। ज्ञानवापी मस्जिद जिसे कहा जा रहा है उस परिसर के अंदर एक कुआं है जिसे ज्ञानवापी कहते हैं। हजारों साल पहले से वहां जल के पांच जरिया होते थे। स्कंदपुराण में कहा गया है कि भगवान शिव ने स्वयं लिंगाभिषेक के लिए अपने त्रिशूल से ये कुआं बनाया था।

संक्षिप्त समाचार

आंध्र प्रदेश में ट्रक और बस के बीच टक्कर में सात लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बेंगलुरू जा रही एपीएसआरटीसी की एक बस शुक्रवार को एक ट्रक से टकरा गयी, जिससे सात लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने चित्तूर जिले के बंगारुपलेम (मंडल) में मोगिली घाट (सड़क) पर हुए भीषण सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। यह दुर्घटना चित्तूर जिले के पालामनेरू मंडल के पास मोगिली घाट रोड पर हुई। पुलिस के अनुसार, ट्रक डिवाइडर पार कर बस से टकरा गया। दुर्घटना में सात लोगों की मौत के अलावा 33 लोग घायल हो गए, जिनका पालामनेरू सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

राजस्थान सरकार में विभिन्न सत्ताकेंद्र उभर आये हैं: सचिन पायलट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के भीतर अलग-अलग सत्ता केंद्र उभर आये हैं और किसी को नहीं पता कि कोई मंत्री मंत्रिमंडल में है या नहीं। कानून-व्यवस्था और अपराध परिदृश्य पर भजनलाल शर्मा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा स्थिति से लोग दुखी हैं।

प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से मिलने पहुंचीं ममता, कहा- मेरी रातों की नींद उड़ गई है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी साल्ट लेक में स्थित स्वास्थ्य भवन के बाहर उस स्थल पर पहुंचीं, जहां जूनियर चिकित्सक आंदोलन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से कहा कि बारिश के बीच सड़क पर आप प्रदर्शन कर रहे हैं, इससे मेरी रातों की नींद उड़ गई है। मैं आपको आश्वासन देती हूं कि मैं आपकी मांगों पर गौर करूंगी, अगर कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई करूंगी।डॉक्टरों ने वर्तमान स्थिति पर अपनी निराशा और असंतोष व्यक्त करते हुए हमें न्याय चाहिए के नारे

लगाए। तनावपूर्ण माहौल के बावजूद मुख्यमंत्री ने चिकित्सा पेशेवरों से अपने कर्तव्यों पर लौटने की अपील करने के लिए किया। ममता ने रोगी की निरंतर देखभाल और संकट के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

ममता कर चुकी हैं इस्तीफे की पेशकश

इससे पहले ममता बनर्जी ने बड़ा बयान देते हुए कहा था कि लोगों की खातिर इस्तीफा देने को तैयार हैं और आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले में गतिरोध को हल करने के लिए चिकित्सकों द्वारा बातचीत करने से इनकार किये जाने पर खेद जताया था। बनर्जी ने आंदोलनकारी डॉक्टरों के बैठक के लिए आने का करीब दो घंटे तक इंतजार किया। उन्होंने इस दौरान कहा था कि वह भी चाहती हैं कि पीड़िता को न्याय मिले। उन्होंने लगातार गतिरोध के लिए पश्चिम बंगाल की जनता से माफी मांगी। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने पिछले 33 दिनों में बहुत सारी झूठी बातें और अपमान सहन किया है, लेकिन उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि काम पर न लौटकर उच्चतम न्यायालय के निर्देश का उल्लंघन करने के बावजूद वह उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगी।

बलात्कार और हत्या की पीड़िता के परिवार के लिए न्याय समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों के साथ गतिरोध के बीच एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। नाटकीय घटनाक्रम में राज्य सचिवालय (नबान्न) के द्वार पर पहुंचे आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने बैठक का सीधा प्रसारण करने की अपनी मांग पूरी होने तक राज्य सरकार के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग के अनुसार बनर्जी की मौजूदगी में शाम पांच बजे वार्ता होनी थी।

केजरीवाल को जमानत मिलना सत्य की जीत : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और इसे सत्य की जीत और झूठ की हार करार दिया। इससे पहले दिन में उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी थी। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में

कहा, आज झूठ और षड्यंत्र को हराकर सत्य की जीत हुई है। बड़े भाई अरविंद केजरीवाल को झारखंड जोहार (बधाई)।

यौन अपराधों पर कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूकता लाने संबंधी याचिका पर केंद्र से जवाब

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने एक वकील द्वारा दायर उस जनहित याचिका पर केंद्र और अन्य से शुक्रवार को जवाब मांगा, जिसमें देश को लड़कियों और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और बेहतर स्थान बनाने के लिए बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के दंडात्मक प्रावधानों के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र, केंद्रीय शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को नोटिस जारी किये। पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की दलीलों से प्रभावित हुई। पोंडा ने अपनी याचिका में भारत को लड़कियों और महिलाओं के लिए एक

सुरक्षित और बेहतर स्थान बनाने में योगदान देने का आग्रह किया है। पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले में फैसला सुनाने की प्रक्रिया में है और इस संवेदनशील मुद्दे पर दिशा-निर्देश जारी कर सकती है। पोंडा ने कहा कि लोगों को बलात्कार से संबंधित कानूनों और निर्भया मामले के बाद ऐसे कानूनों में हुए बदलाव के बारे में जानकारी देने की जरूरत है। याचिका में कहा गया है कि लैंगिक समानता, महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और सम्मान के साथ जीने की उनकी स्वतंत्रता के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए नैतिक प्रशिक्षण के विषय को भी शामिल किया जाना चाहिए।

हरियाणा चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरी आप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा विधानसभा चुनावों में सीट को लेकर बात न बन पाने पर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव मैदान में उतरी है। आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली, दूसरी और तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। बता दें कि हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा सीटों पर आप पार्टी ने 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आम आदमी पार्टी के चुनाव मैदान में अकेले उतरने से क्या अन्य राजनीतिक पार्टियों के लिए खतरे की घंटी है।

हरियाणा में त्रिकोणीय मुकाबला

सियासी जानकारों के मुताबिक भले ही आप पार्टी पूरी ताकत के साथ हरियाणा विधानसभा चुनावों में उतर चुकी है। लेकिन अभी भी वह कांग्रेस और भाजपा से काफी पीछे है। हरियाणा की अधिकतर सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना है। वहीं

जननायक जनता पार्टी जैसे अन्य छोटे दल भी कुछ हद तक असर रखते हैं। लेकिन हरियाणा चुनाव में आप पार्टी की दावेदारी ने कई सीटों पर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है।

हरियाणा में आप आदमी पार्टी

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरे जोश के साथ उतर चुकी है। पड़ोसी राज्य पंजाब में सरकार बनाने के बाद से ही आप पार्टी के हौसले बुलंद हैं। वहीं आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में होने के बाद उनकी वाइफ सुनीता केजरीवाल के नेतृत्व में आप पार्टी के अन्य नेताओं के साथ चुनाव प्रचार में कोई कमी नहीं छोड़ रही हैं। ऐसे में राजनीतिक एक्टपर्ट की मानें, तो आप पार्टी के प्रचार अभियान में जितनी गति मिलेगी, उतना ही कांग्रेस को नुकसान होगा। भले ही आप इन चुनावों में कोई बड़ा लाभ न ले सके, लेकिन वह कांग्रेस की संभावनाओं को जरूर नुकसान पहुंचा सकती है।

आप Vs कांग्रेस का इतिहास

दिल्ली से लेकर पंजाब और गोवा से लेकर गुजरात तक में हुए हर चुनाव में आप पार्टी ने कांग्रेस की जमीन पर अपने पांव जमाएं। दिल्ली से लेकर पंजाब तक में आप पार्टी ने प्रचंड बहुमत हासिल करते हुए कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ कर फेक दिया था। वहीं गुजरात और गोवा में भी आप पार्टी ने कांग्रेस को बुरी तरह से पछाड़ा था। इन सभी राज्यों में आप पार्टी की वजह से भाजपा की संभावनाओं पर या तो कोई असर नहीं हुआ या फिर जबरदस्त फायदा हुआ। कांग्रेस का वोट बैंक काफी हद तक आप पार्टी के खाते में चला गया।

क्या दोहराया जाएगा इतिहास

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हरियाणा में कांग्रेस और आप पार्टी के बीच मुकाबले का इतिहास फिर से दोहराया जाएगा। राजनीतिक एक्सपर्ट की मानें, तो हरियाणा में आप पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ती है। ऐसे में यह कांग्रेस के लिए नुकसान का मामला हो सकता है। इससे पहले गुजरात और गोवा में देखा जा चुका है, भले ही इन राज्यों में आप ज्यादा विधानसीटें न मिली हों। लेकिन सबसे ज्यादा सेंध कांग्रेस के वोट बैंक में लगी थी।

रेरा के नियमों की धज्जियां उड़ाकर सैकड़ों बीघे मे चल रही प्लाटिंग, जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। जमीन की खरीद बिक्री के लिए रेरा से रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होता है, लेकिन क्षेत्र में रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिना ही सैकड़ों एजेंट जमीन का सौदा कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर जमीन की खरीद बिक्री हो रही है। नतीजा हर दिन जमीन को लेकर विवाद, मारपीट और मुकदमे हो रहे हैं।

अंदपुर , बंथरा, दादूपुर, जहानाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों में जमीन का दाम आसमान छू रहा है। क्षेत्र के चारों तरफ हर दिन प्लॉट की खरीद-बिक्री हो रही है और यह खरीद बिक्री एजेंटों के माध्यम से ही हो रही है, लेकिन इन एजेंटों में से अधिकतर के पास कोई वैध लाइसेंस नहीं है। इन क्षेत्रों में बिचौलिये सबसे ज्यादा हावी हैं।

क्षेत्रों में अक्सर विवाद भी होते रहते हैं। अधिकतर जमीन की बिक्री में जमीन की खरीद-बिक्री करने वाले एजेंट हावी हैं। जिन्हें रेरा की जानकारी भी नहीं है। वे लोग भी इस सौदेबाजी में लगे हैं। इन एजेंटो के चलते जमीन की कीमत सरकारी आंकड़ों से कई गुना अधिक हो गई है। कहीं-कहीं तो दस गुना से भी अधिक है। सरकारी दर या बाजार दर में अंतर का फायदा विक्रेता को जबकि नुकसान खरीदार व सरकार को हो रहा है।

स्थिति यह है कि कमर्शियल प्लॉट खेतिहर प्लॉट बनाकर बिक रहे हैं। क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग का कारोबार बेखौफ हो रहा है। शासन-प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर यहां खेत खलिहान की आवासीय प्लॉट के रूप में खरीदी बिक्री हो रही है। स्थिति यह है कि आसपास इलाकों में रोज कहीं ना कहीं कॉलोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। आसपास के इलाकों में इन दिनों अवैध प्लॉटिंग का कारोबार जोर-शोर से हो रहा है। सरोजनीनगर के अंदपुर सहित अन्य क्षेत्रों में बड़े स्तर पर अवैध प्लॉटिंग का खेल चल रहा है। यहां लोग रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी को दरकिनार कर प्लॉट बेच रहे हैं। इसके चलते प्लॉट खरीदने वाले लोग भविष्य में परेशानी में फंस सकते हैं।

रेरा के नियमों का पालन नहीं होने पर कार्रवाई का प्रविधान

रेरा के नियमों का पालन नहीं होने पर प्लाटिंग कर रहे लोगों पर कार्रवाई का प्रविधान है। गड़बड़ी करने वालों पर जहां रेरा उसकी योजना की लागत का दस प्रतिशत तक जुमार्ना कर सकती है। वहीं किसी मामले में एफआइआर होने पर तीन साल की सजा का भी प्रविधान एक्ट में है। रेरा के अनुसार एक्ट की वजह से यह भी तय है कि जिनका पंजीयन रेरा में होगा, उन पर लोग भरोसा भी कर सकेंगे। वहीं क्षेत्र में हो रही अवैध प्लाटिंग के बारे में प्रशासन के उच्च अधिकारियों से जानकारी करना चाहा तो उन्होंने इस संबंध में कोई जवाब देना उचित नहीं समझा।

प्लाट बेचने के अनोखे तरीके थ्रीडी फोटो दिखाकर सुविधा के नाम पर दिखा देते हैं ठेंगा

अच्छे ब्रॉशर, थ्रीडी फोटो दिखाकर ऊंची कीमत पर प्लॉट और घर बेचने के बाद भी कालोनाइजर्स सुविधाएं नहीं देते। ज्यादातर कॉलोनियों में रहने वाले बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलने से परेशान हैं। नाली, पानी की निकासी, विद्युत व्यवस्था, सीवर लाइन नहीं होने के साथ कुछ जगह तो सड़कें भी नहीं बनाई गई हैं।

बेखौफ हैं भू-माफ़िया

जमीन दलालों के वायदे और झूठे कागाजत के फेर में फंसकर जमीन व मकान खरीदने वाले लोगों को बाद में खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सैकड़ों लोग खारिज दाखिल, एनओसी ,कब्जा को लेकर व नगर पंचायत व ग्राम पंचायत, तहसील के चक्कर काट रहे हैं। भूमाफियाओं के झांसे में आए लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे अवैध प्लॉटिंग के कारोबार को रोकने कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। प्रशासन ने भूमाफियाओं के खिलाफ एक आध कार्रवाई कर ठंडे बस्ते में डाल देता है। यही वजह है कि कृषि भूमि पर तैयार हो रही इमारतों की अनुमति को लेकर कोई छानबीन नहीं की जा रही है।

गर्लफ्रेंड पर पैसे उड़ाकर रची अपहरण की कहानी, पुलिस में दी शिकायत, उल्टा पड़ गया दांव!

अपहरण और मोबाइल छीने जाने की बनायी थी झूठी कहानी, पुलिस ने किया खुलासा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड को गिफ्ट देने के लिए घर से मिले बीस हजार रुपए उसपे खर्च कर उसके बाद अपहरण की झूठी कहानी बना अपना मोबाइल फोन छीने जाने का भी जिक्र किया जिससे किसी को उस पर शक ना हो, परिजनों ने घटना की जानकारी होने पर पुलिस से शिकायत भी दर्ज करा दी थी। लेकिन पुलिस ने जांच में पाया कि युवक ने झूठी अपहरण की कहानी रची थी और युवक परिवार सहित पुलिस को भी गुमराह करता रहा।

पुलिस से बताए गए घटनास्थल से कई किलोमीटर दूर तक सड़क के किनारे दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो कोई उस तरह की कार उस समय नजर नहीं आई। युवक से ही कड़ाई से पूछताछ की गई तो अपहरण की कहानी का राज खुला।

रहीमाबाद पुलिस के मुताबिक उन्नाव जनपद के औरास क्षेत्र के निवासी रोबीन ने बताया था की बीते बुधवार की शाम हरदोई बॉर्डर के निकट भुलभुलाखेड़ा के पास से स्कार्पियो पर सवार बदमाशों ने उसे अगवा किया था। ठाकुरगंज में किसी तरह से अगवा करने वाले लोगों से बचकर कर वह वहां से भाग निकला था। और अपने एक दोस्त को इसकी सूचना दी थी। जिसपर रोबीन के पिता रजा हुसैन ने अपहरण का मुकदमा रहीमाबाद थाने में दर्ज कराया था जिसपर पुलिस जांच कर रही थी।

घरवालों से डर के कारण रची थी झूठी कहानी

युवक के पुलिस से दिए गए बयान संदेह होने पर उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो पता चला कि बीते बुधवार को पिता ने घर में पले जानवरों के लिए चारा खरीदने के लिए पुत्र को बीस हजार रुपये दिए थे। जिन्हें लेकर वह घर से निकला था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा और पिता शाम तक चार लाने की रास्ता देखते रहे और वह अपनी प्रेमिका से मिलने चला गया। जहां प्रेमिका के साथ हजारों रुपए खर्च हो गए। और उसके साथ घूमने फिरने में हजारों रुपए खर्च हो जाने से रोबिन ने अपहरण करने की झूठी कहानी बनाई थी। जिससे घरवालों को या प्रतीत ना हो कि उसने पैसे कहीं और खर्च कर डाले।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में करीब सप्ताह पर पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक युवक की शुक्रवार रात इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर के मुल्लाही खेड़ा, नटकुर निवासी अवधेश कुमार पांडेय के मुताबिक उनका साला सूरज मिश्रा (27) उनके घर में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। अवधेश का कहना है कि सूरज मिश्रा बीती 7 सितंबर को रात करीब 10:30 बजे अपने मित्र रिशू सोनी (26) के साथ आलमबाग स्थित फिनिक्स मॉल में पिक्चर देखकर अपाचे बाइक से वापस लौट रहा था। तभी कानपुर रोड स्थित शहीद पथ तिराहे पर पीछे से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे सूरज और रिशू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन ट्रामा सेंटर में शुक्रवार रात इलाज के दौरान सूरज की मौत हो गई। जबकि रिशू का इलाज जारी है।

रेलवे ट्रैक के पास 24 वर्षीय युवक का मिला शव, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा क्षेत्र के लोनहा ग्राम सभा के मजरा गडरियन खेड़ा के रेलवे ट्रैक के किनारे 17 का 24, 26 पावा दक्षिण साइड झाड़ियों में एक (24) वर्षीय युवक का शव मिला। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस व रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर शव की क्षेत्रीय लोगों से पहचान कराई लेकिन ग्रामीणों ने शव को पहचानने से इनकार कर दिया। वहीं क्षेत्रीय उप निरीक्षक अनुज कटियार ने बताया कि (24) वर्षीय म्रतक नूर आलम पुत्र रहमतुल्ला के पास से एक आधार कार्ड व पैन कार्ड मिला है। जिसको लेकर संबंधित थाने से पता किया गया तो जानकारी में आया कि परिजनों ने लगभग सप्ताह भर पहले एक गुमसुदगी तुलसीपुर में दर्ज कराई है। युवक घर से निकला हुआ था उसके पास से रेलवे का टिकट भी मिला है जो की झांसी से सिकंदराबाद का है। युवक के परिजनों ने वहां के संबंधित थाने पर पहले से ही गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा रखी है। परिजनों ने यह भी बताया कि युवक लाल रंग की शर्ट, मटियारी रंग की पेंट व ब्लैक जूते पहन रखा है। जिससे और भी युवक को पहचानने में आसानी हुई। दूरभाष के जरिए परिजनों ने युवक के शव की पहचान अपने पुत्र नूर आलम के रूप मे की है। वही इस घटना को लेकर एसीपी कृष्णा नगर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शनिवार के दिन रेलवे ट्रैक पर झाड़ियो के किनारे एक अज्ञात शव मिलने की जानकारी मिली। जिसकी जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि शव नूर आलम पुत्र रहमतुल्लाह निवासी तुलसीपुर जिला बलरामपुर का है। मृतक के शव की पहचान कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों को भी जानकारी दे दी गई है। परिजन आ रहे हैं। अन्य कार्यवाही की जा रही है।

डायरेक्टर्स मेरिट अवार्ड से सम्मानित हुई प्रो. (डॉ) वंदना तिवारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस के मौके पर बायोकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट की प्रोफेसर (डॉ) वंदना तिवारी को डायरेक्टर्स मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड उनके द्वारा एकेडेमिक एवं रिसर्च में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए किया गया। प्रोफेसर तिवारी ने संस्थान में 24 घंटे की आपातकालीन प्रयोगशाला सेवाओं और सेंट्रल रिसर्च लैब की स्थापना और प्रबंधन में अहम योगदान दिया है। डॉ. तिवारी सेंट्रल रिसर्च लैब के प्रभारी के साथ-साथ, पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के उप-डीन के रूप में रिसर्च, पाठ्यक्रम और अकादमिक कार्यो का संचालन कर रही हैं। प्रोफेसर तिवारी ने संस्थान के विकास और नीति निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों, जैसे आईआरएफ समिति और आंतरिक शिकायत समिति की सदस्य हैं। इसके अलावा, उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी में राज्य रेफरल केंद्र के प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है। प्रोफेसर तिवारी ने शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने सौ से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध प्रस्तुत किए हैं। इसके अलावा, उनके पर्यवेक्षण (इन्वेस्टिगेटर /सह-इन्वेस्टिगेटर के रूप) में 25 से अधिक रिसर्च प्रोजेक्ट/अनुदान सम्पादित हुए हैं। प्रोफेसर तिवारी ने तीन दशकों से अधिक समय से स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को भी मार्गदर्शन प्रदान किया है। उन्होंने कई शोध पत्रों के प्रकाशन और महत्वपूर्ण शोध एवं थीसिस के पूरा होने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रोफेसर तिवारी ने संस्थान में जीव रसायन प्रयोगशाला की स्थापना की, जो अब संस्थान की निदान सेवाओं का एक प्रमुख आधार बन गई है। उनके नेतृत्व में, प्रयोगशाला ने अपनी परीक्षणों की श्रृंखला का विस्तार किया है। प्रोफेसर तिवारी के प्रयासों से प्रयोगशाला के उपकरणों का स्वचालन और अस्पताल सूचना प्रणाली (एचआईएस) और प्रयोगशाला सूचना प्रणाली (एलआईएस) के साथ कनेक्टिविटी सुनिश्चित हुई है। इसके परिणामस्वरूप, परीक्षण परिणामों का शीघ्र और सटीक रूप से वितरण सुनिश्चित हुआ है। वर्तमान में वह मन जेनेटिक्स की प्रोफाइलिंग करके विभिन्न बिमारियों (डायबिटीज, ब्रेन स्ट्रोक, डीस्टोनिया, ओरल कैंसर, अस्थमा आदि) के लिए पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट (प्रति व्यक्ति विशेष इलाज) पर कार्य कर रही हैं । इसके अलावा विभिन्न प्रकार की एलर्जी टेस्टिंग (50 से अधिक पैनल) और टॉक्सिक पैनल (कीटनाशक, टॉक्सिक मेटल) की टेस्टिंग उनके डिपार्टमेंट में हो रही है।

बैखोफ चोरो ने दो गुमटियो का ताला तोड़कर सामान उड़ाया

मोहनलालगंज के बिन्दौवा मोड़ पर दो गुमटियों का ताला तोड़कर बैखोफ चोरो ने सामान उड़ाया

हल्का दरोगा ने पीड़ित दुकानदार को जांच के बाद कार्यवाही की बात कहकर किया चलता

अमन लेखनी समाचार

मोह नलालगंज ।मोह नलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बिन्दौवा मोड़ पर बैखोफ चोर बीते शुक्रवार की देर रात दो पान की गुमटियो का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान चोरी कर भाग निकले ।शनिवार की सुबह दुकानदार गुमटिया खोलने पहुंचे तो ताला टूटा देख पुलिस को चोरी की सूचना दी ।पीड़ित ने बताया चोरी की घटना की तहरीर लेकर कोतवाली गया तो हल्के के दारोगा ने बिना तहरीर लिये उसे चलता कर दिया ।जिसके बाद मायूष होकर घर लौट आया ओर देर शाम दोबारा कोतवाली पहुंचकर इंस्पेक्टर आलोक राव से मिलकर शिकायत की तब जाकर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज हुआ ।मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव निवासी अमितेश कुमार बाजपेयी ने बताया वो ओर उसका चचेरा भाई सत्य प्रकाश गांव की मोड़ पर अलग अलग दो पान की गुमटी रखकर उसमें खाने पीने का सामान बेचते है, बीते शुक्रवार की देर रात बैखोफ चोरो ने दोनो गुमटियो का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान चुरा ले गये ओर गुमटी में रखी कुर्सी भी तोड़ दी ।इससे पहले अराजकत्व उसकी लकड़ी की गुमटी में आग भी लगा चुके है ।शनिवार की सुबह जब वो और चचेरा भाई अपनी अपनी गुमटिया खोलने पहुंचे तो ताले टूटे व अंदर रखा सामान गायब देखा जिसके बाद डायल -112 पर फोन कर पुलिस को चोरी की घटना की सूचना दी.तब जाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गयी ।पीड़ित दुकानदार अमितेश कुमार ने बताया कोतवाली पहुंचकर हल्के के दारोगा को चोरी की घटना की तहरीर देनी चाही तो बिना तहरीर लिये उसे जांच के बाद कार्यवाही की बात कहकर चलता कर दिया? ।जिसके बाद वो मायूष होकर वापस लौट आया ।देर शाम हिम्मत जुटाकर दोबारा कोतवाली पहुंचकर इंस्पेक्टर आलोक राव से शिकायत की तब जाकर पुलिस उससे तहरीर लेकर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज किया।

एयरपोर्ट पर यात्री के पास मिला कारतूस, सीआईएफ ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार को एक यात्री के पास जिंदा कारतूस बरामद होने से सीआईएफ ने उसे हिरासत में ले लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी राजदेव राम के मुताबिक बहराइच जिले में रहने वाला शोएब अहमद खान शनिवार को लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब एयरलाइंस के जरिए रियाद जा रहा था। वह सुबह करीब 10 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचा तो जांच पड़ताल के दौरान सीआइएसएफ को उसके पास बैग से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। सीआईएसएफ ने आनन फानन उसे हिरासत में लेकर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी राजदेव राम का कहना है कि सीआईएसएफ अधिकारियों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर यात्री को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

राम सिंह यादव बने अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव, अधिवक्ताओं में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अनुमोदन पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने मलिहाबाद के अधिवक्ता विधानसभा अध्यक्ष राम सिंह यादव के पार्टी के प्रति मेहनत और लगन को देखते हुए अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। राम सिंह यादव को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर कार्यकताओं और अधिवक्ताओं में खुशी की लहर सपाईयों ने बधाईयां देते हुये मिठाईयां बांटीं। अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने अधिवक्ता राम सिंह यादव को बधाई देते हुये पार्टी के संगठन को बढ़ाने के साथ ईमानदारी से कार्य करने की अपेक्षा की। राम सिंह यादव को अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनयन की खबर पाकर सपाईयों ने उन्हें बधाई देते हुये पार्टी कार्यालय और मलिहाबाद में जगह जगह पर जश्न मनाते हुये मिठाईयां बांटीं। पार्टी कार्यालय पर अपने मनोनयन के बाद राम सिंह यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा 2027 चुनाव मे साइकिल ही दिखेगी। पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वह अपने पद का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। साथ ही विधानसभा चुनाव मे एक बार फिर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता संदीप यादव राष्ट्रीय महासचिव (प्रत्याशी बार कौंसिल उत्तर प्रदेश), अधिवक्ता आदेश यादव राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सचिव उमेश पाल एडवोकेट, आदित्य नारायण दिवेदी एडवोकेट, देवेंद्र यादव, नमन यादव, कपिल यादव,रिलेश यादव,मोहम्मद साकिब, संदीप कुमार गौतम, संजीत सिंह सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियारियों की शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में एसीपी रजनीश वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व नायाब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी समेत राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियो की शिकायतें सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये ।थाना समाधान दिवस में एसीपी रजनीश वर्मा से पहली शिकायत किसान ललित कुमार निवासी भदेसुवा ने बताया गांव में स्थित उसकी कृषि योग्य भूमि पर जबरन विपक्षी विनय व अनूप, सुजीत व संदीप ने कब्जा कर लिया है ओर मौके पर जाने पर गाली गालौज कर जान से मारने की धमकी देते है.शिकायतकर्ता ने उक्त विपक्षियो के कब्जे से जमीन को मुक्त कराये जाने की मांग की ।एसीपी रजनीश वर्मा ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमो को मौके पर जाकर जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दिये ।दूसरी शिकायत बुजुर्ग किसान हिरई निवासी सलेमपुर अचाका ने करते हुये बताया उसने अपनी पत्नी रामरती के नाम पावर ट्रैक ट्रैक्टर 2लाख55हजार रुपए नगद देकर खरीदा था बाकी 3लाख10हजार रुपए बैंक से फाइनेंस कराये थे,जिसकी किश्त प्रति महीने देनी थी 23जनवरी2023 को बैक के कर्मचारी दीपक वर्मा को एकमुश्त दो लाख रुपए लोन खाते में जमा करने के लिये दिये तो उसने उसे फर्जी जमा रसीद पकड़ा दी ओर पैसे जमा नही किये, बैंक से फोन आने पर उसे अपने साथ बैंककर्मी दीपक वर्मा के द्वारा फ्राड किये जाने का पता चला ।जिसके बाद मैनेजर के सामने पैसा हड़पने व फर्जी रसीद देने की बात कहते हुये हजम किया गया पैसा लोन खाते में जमा करने की बात भी कही जिसके बाद भी जालसाज कर्मचारी ने खाते टाल मटोल करता रहा ओर पैसे जमा नही किये ।पीड़ित बुजुर्ग किसान ने कर्मचारी के विरूध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की ।एसीपी रजनीश वर्मा ने नगराम थाना प्रभारी को फोन कर बुजुर्ग किसान का पैसा हड़पने वाले बैक कर्मचारी पर कार्यवाही के निर्देश दिये।

निगोहां व नगराम में प्रभारियो ने सुनी शिकायतें, नही पहुंचे तहसील अफसर...

निगोहां थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायते सुनी, यहा आयोजित थाना दिवस में केवल राजस्वकर्मी मौजूद रहे लेकिन कोई भी तहसील अफसर शिकायत सुनने नही पहुंचा ।बरबस यही हाल नगराम थाने का भी रहा यहा पर आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में शिकायते सुनी यहा भी कोई तहसील अफसर शिकायत सुनने नही पहुंचा।

लूट करने वाले बदमाश को पुलिस ने भेजा जेल, साथी की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र में चौकीदार से पैसे लूटने वाले एक बदमाश को शनिवार को पुलिस ने जेल भेज दिया ।ज्ञात हो बीते शुक्रवार को निगोहां के मदापुर मंदिर बाजार में सब्जी खरीद रहे चौकीदार गरीबे निवासी मदाखेड़ा की जेब से बीस हजार रुपए निकालकर एक बदमाश ने बाइक सवार अपने दूसरे साथी को पकड़ने के साथ ही बाइक में बैठने की कोशिश कर रहा था तभी बाजार में मौजूद ग्रामीणो ने एक बदमाश को पकड़कर पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया था जब कि बाइक से पैसे लेकर दूसरा बदमाश भाग निकला था? ।पुलिस की पुछताछ में ग्रामीणो द्वारा दबोचे गये बदमाश ने अपना नाम मनोज कपूर निवासी रायपुर गिलौची थाना नटरन जनपद विदिशा मध्यप्रदेश बताते हुये अपने जीजा के साथ चौकीदार से लूट करने की बात कबूली थी, जामा तलाश में उसके पास से पुलिस ने एक हजार रुपए बरामद किये थे ।दबोचे गये बदमाश से प्राप्त जानकारी के बाद मौके से भागे दूसरे बदमाश की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुट गयी है ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया ग्रामीणो द्वारा दबोचकर पुलिस के हवाले किये गये बदमाश मनोज कपूर को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।बदमाश मनोज कपूर इतना शातिर था कि वो घटनाओ को अजांम देने के दौरान मोबाइल फोन नही प्रयोग करता था, जिसके चलते वो पकड़ा नही जाता था, दबोचे गये बदमाश के विरूद्व बिजनौर जनपद में एक चोरी का मुकदमा दर्ज मिला है।

नहीं मिल रही यूरिया खाद भटक रहे किसान

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। यूरिया खाद की किल्लत किसानों के लिए सिर दर्द बनी हुई है। शनिवार को क्षेत्र के बंथरा सरकारी केंद्र पर यूरिया खाद का स्टाक न होने से वितरण प्रक्रिया बंद रही। किसान यूरिया लेने के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान पर भटकते हुए नजर आए। यहां पर उन्हें यूरिया न होने की जानकारी मिली और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। किसानों का कहना है कि गांव में अभी तक एक भी बैग यूरिया का नहीं पहुंचा है। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारी भी यूरिया की स्थिति को स्पष्ट करने से किनारा कर रहे हैं और किसानों को रैक लगने की जानकारी देकर शांत कर रहे हैं।

शनिवार को बंथरा के निजी केंद्रों के बाहर यूरिया खाद लेने के लिए दिनभर किसानों की भीड़ भी लगी रही। क्षेत्र में लोगों ने कई बीघो में धान की फसल लगा रखी है। इसके लिए कई टन यूरिया की आवश्यकता है। समिति के केंद्र प्रभारियो का कहना है कि अभी तक लगातार खाद को वितरित किया जा रहा था लेकिन इस बीच खाद समय से केंद्रों पर नहीं आ पाई है। लगातार खाद को मंगाने का प्रयास किया जा रहा है वहीं, किसानों की माने तो उन्हें नाम मात्र ही यूरिया उपलब्ध हो पाई है तो कई किसानों का कहना है कि उनको अभी तक एक बैग भी यूरिया नहीं मिल पाई है। बीते कई दिनों से वे चक्कर काट रहे हैं।

यूरिया न मिलने से धान की फसल पर भी पड़ रहा प्रभाव

किसानों का कहना है यूरिया न मिलने के कारण उनकी फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। धान की फसल पीली पड़नी शुरू हो चुकी है। उन्होंने यूरिया न मिलने के कारण वे धान की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने कहा कि जब वे केंद्र या दुकान पर यूरिया लेने के लिए पहुंचते हैं तो उन्हें यूरिया मिलने की सही जानकारी भी नहीं दी जा रही है। किसान छोटू बताते है कि मुझे 10 यूरिया के बैग की आवश्यकता है। इसके लिए ही दर-दर भटकना पड़ रहा है। जल्द सुबह दुकान पर पहुंचे थे। 10 बजे के करीब दुकानदार ने उन्हें यूरिया न होने की जानकारी देकर वापस लौटा दिया। दूसरी कई दुकानों पर चक्कर काट चुके हूं, लेकिन खाद नहीं मिली। वही बंथरा के केंद्र प्रभारी सुरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां यूरिया पूरी तरह से निल हो चुकी है। उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है जैसे ही खाद केंद्र पर पहुंचेगी तत्काल वितरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वही सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र के नारायणपुर, भटगांव, मौंदा व बेती के केंद्रो पर भी एक आध बोरी को छोड़कर यूरिया खाद नही है।

बैखोफ चोरो ने किसान के घर धावा बोलकर लाखो के जेवरात व नगदी की पार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनुवासाढ गांव निवासी धर्मेन्द्र यादव ने बताया बीते शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद अपनी पत्नी रूबी व बच्चे के साथ घर के भूतल में बने कमरे में सो गये ओर बड़े भाई विशम्भर व उनकी पत्नी पल्लवी घर के प्रथम तल में बने कमरे में सो गये, देर रात बैखोफ चोर पड़ोसी की छत से उसकी छत पर आकर बड़े भाई व उसके कमरो के दरवाजे का बेलन बाहर से बंद कर दूसरे कमरे में रखी अलमारी व लाकंर तोड़कर उसमें रखे पत्नी रूबी व माँ रेखा के चार लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात व एक लाख रुपए नगद चोरी कर घर के मुख्यदार से भाग निकलें ।किसान धर्मेन्द्र यादव ने बताया सुबह चार बजे जब वो बाथरूम करने उठे तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद होने पर दूसरे दरवाजे से बाहर निकले तो घर के सारे दरवाजे खुले देख व दूसरे कमरे में रखी अलमारी खुली व सामान बिखरा देखा तब उसे चोरी का पता चला जिसके बाद डायल-112 पर फोन कर चोरी की सूचना पुलिस को दी.तब जाकर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की ।एसीपी रजनीश वर्मा व इंस्पेक्टर आलोक राव ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित किसान की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया है।

संक्षेप

चैन स्नेचर युवक को पब्लिक ने पकड़ा जमकर की धुनाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में कचौड़ी गली के पास एक चेन खींचने वाले शातिर को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई की।इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले का एक वीडियो भी सामने आया है।शुक्रवार की रात को कचौड़ी गली में एक युवक ने एक महिला की चेन खींचने का प्रयास किया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के दुकानदार और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। शातिर युवक को रंगे हाथ पकड़ा गया और उसके खिलाफ गुस्से में लोगों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी।बताया जा रहा है कि युवक ने महिला की चेन खींचने के बाद भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान, करीब 10-12 लोगों ने मिलकर युवक की जमकर धुनाई की। कुछ समय बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आरोपी को भीड़ के कब्जे से मुक्त करवा लिया।पुलिस ने आरोपी को तुरंत थाने ले जाकर उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम पूरन पुत्र गंगाचरण निवासी जवाहरखेड़ा, कोतवाली बताया। पूरन ने पुलिस को बताया कि वह पहले भी इस तरह के अपराध कर चुका है। स्थानीय लोगों की इस तरह की सक्रियता और तत्परता की तारीफ की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है

पति को शराब पिलाकर लिखा लिया मकान महिला ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी प्रेम कुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 अगस्त को गांव के ही एक व्यक्ति ने पति राजेंद्र को को शराब पिलाकर नशे में कर मकान का तीन लाख में बात कह बैनामा करा लिया। और रुपए खाते में डालने की बात कही।लेकिन उक्त व्यक्ति ने खाते में रुपए नही डाले।अगले दिन पति ने पूरा बताया।जिसपर उक्त व्यक्ति से शिकायत की तो गाली गलौज कर भगा दिया।आरोप लगाया की जिस घर का बैनामा पति से कराया गया है वह घर मेरे नाम पर है।कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है।जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

रहस्यमय ढंग से युवक लापता, तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के बेवल निवासी माया देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिता विजय शंकर 13 सितंबर सुबह शौच क्रिया की बात कहकर घर से निकले थे।काफी देर तक घर वापस ना आने पर खोजबीन की गई।जिसपर गांव के बाहर से निकली शारदा नहर पुरवा ब्रांच के पास जानवर चरा रहे लोगो से जानकारी की गई तो कुछ लोगो ने थोड़ी देर पहले नहर के पास पिता को देखने की बात बताई।जिसपर पिता के नहर में डूबने की आशंका पर गांव के कुछ लोगो ने पानी में कूदकर खोजबीन की।लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है।पुलिस को भेजकर जांच कराई जा रही है।

अवैध पटाखा फैक्ट्रीयो में की छापेमारी बने अधबने पटाखा बरामद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अवैध पटाखा फैक्ट्रियों के खिलाफ एक प्रमुख अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न अधिकारियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। यह अभियान नवागत एसपी दीपक भूकर के नेतृत्व में चलाया गया, जिन्होंने जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की शुरूआत की है।पहली छापेमारी कासिम नगर में की गई, जहां मुख्य अग्निशामक अधिकारी (CFO) अनूप सिंह ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस फैक्ट्री से भारी मात्रा में अधबने और बने हुए पटाखे बरामद किए गए। उऋड अनूप सिंह की टीम ने फैक्ट्री के अंदर गहरी जांच की और विभिन्न प्रकार के पटाखों के साथ-साथ पटाखों के निर्माण में उपयोग किए जा रहे सामग्री की भी बरामदगी की। फैक्ट्री में मिले पटाखों की संख्या और उनकी गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों ने गहन जांच शुरू कर दी है।दूसरी छापेमारी दही थाना क्षेत्र के टिकरगढ़ी इलाके में की गई, जहां अग्निशमन अधिकारी (FSO) शिवराम यादव ने बारूद का भंडारण पकड़ा। ऋरड शिवराम यादव ने दही थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष (SO) संजीव कुशवाहा के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। उन्होंने एक गोदाम से भारी मात्रा में बारूद और अवैध पटाखों की सामग्री बरामद की।इस छापेमारी ने इलाके में एक बारूद के बड़े जखीरे का खुलासा किया, जिसे अवैध रूप से संग्रहीत किया गया ।नवागत एसपी दीपक भूकर के नेतृत्व में किए गए इन ताबड़तोड़ छापेमारी अभियानों ने जिले में अवैध पटाखा कारोबार और बारूद के जखीरे पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने का संदेश दिया है।एसपी दीपक भूकर ने कहा, ₹हमारी प्राथमिकता है कि हम अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और यह सुनिश्चित करें कि जनता सुरक्षित रहे। इन छापेमारी अभियानों के माध्यम से हमने अवैध पटाखा कारोबार और बारूद के भंडारण पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।₹प्रशासन ने इन छापेमारी अभियानों के दौरान बरामद किए गए सभी अवैध पटाखों और बारूद की सामग्री को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।साथ ही, इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें कड़ी सजा दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।इन घटनाओं के बाद, जिले में अवैध पटाखा फैक्ट्रियों और बारूद के कारोबार पर प्रशासन की निगरानी और सख्त हो गई है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने भी जनसामान्य से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत अधिकारियों को दें, ताकि ऐसे अपराधियों के खिलाफ समय पर कार्रवाई की जा सके।

राष्ट्रीय लोक अदालत में काफी संख्या में वाद हुए निस्तारित

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों के द्वारा कुल 3043 वादों का निस्तारण किया गयो तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य छोटे-छोटे मुकदमे जो वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं उन मुकदमों को सुलह समझौते के द्वारा निस्तारण किया जाना है जिन वादों में प्रतिवादी नहीं है उन वादों को वाद कारियो को बुला कर निस्तारण करना है जिससे आम जनता को समय से न्याय मिल सकें न्यायालय उप जिलाधिकारी के यहां 1386 न्यायालय तहसीलदार के यहां 1602 नायब तहसीलदार सुमेरपुर व बीघापुर के यहां कुल 55 इस प्रकार सभी न्यायालय में 3043 वादों का निस्तारण हुए।

जिला कारागार में शिक्षा शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा पुनीत कार्य

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला कारागार में शिव नाडर फाउंडेशन एवं जेल अधीक्षक द्वारा निरुद्ध बंदियों को साक्षरता प्रमाण पत्र एवं लेखन, पठन सामग्री का वितरण किया गया साथ ही शिक्षा के महत्व को बताया गया। आज के कार्यक्रम में जेल प्रशासन से जेल अधीक्षक पंकज सिंह जेलर राजेश कुमार राय, डेप्युटी जेलर प्रभा कांत पांडे जी और अविनाश राजभर जी एवम् शिक्षा शिव नाडर फाउंडेशन से एपीसी मनोज शुक्ला और कारागार प्रशिक्षक आशुतोष शुक्ला उपस्थित रहे। शिक्षा शिव नाडर फाउंडेशन एक परोपकारी संस्था है जिसका उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विभाजन को पाटने के लिए शहरी और ग्रामीण व्यक्तियों को सशक्त बनाकर एक न्यायसंगत और योग्यता आधारित समाज का निर्माण करना है।शिक्षा इनिशिएटिव ,शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिला एवं केंद्रीय कारागारों में 15 साल से ऊपर के निरक्षर वयस्कों को साक्षर बनाने का पुनीत कार्य कर रही है शिक्षा प्लस कार्यक्रम का उदेश्य लर्नर्स का सर्वांगीण विकास, जागरूकता व्सशक्त करना है ।शिक्षा प्लस कार्यक्रम निरक्षर वयस्कों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्पादित नई किरण पुस्तक पर आधारित डिजिटल पाठ्यक्रम, ICT (इनफार्मेशन कम्युनिकेशन एंड टेक्नोलॉजी) पद्धति के माध्यम से निष्पादित कर साक्षर कर रहा है शिक्षा प्लस कार्यक्रम मात्र 90 से 120 दिन का है इसमें सभी को लिखना, पढ़ना, साधारण गणित सिखायी जाती है साथ ही चल रही भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया जाता है बैच समाप्त होने के बाद पास अथवा पढ़ चुके लर्नर्स को साक्षरता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है इस कार्यक्रम के अन्तर्गत योग्य बंदियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे वह 15 साल से ऊपर के निरक्षर वयस्कों को साक्षर बना सकें लर्नर्स को लिखने और पढ़ने से जुडी हुई समस्त लेखन व पठन सामग्री का वितरण भी किया जाता है

युवक की धमकियों से तंग महिला ने एसपी को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रुपया दो नही तो झूठे मुकदमे में फंसा देगे इस बात की धमकी देकर आरोपी युवक आए दिन परिजनों को परेशान कर रहें युवक की धमकी से तंग आकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। सदर कोतवाली क्षेत्र के कासिम नगर निवासी अंजुम पत्नी यासीन सिद्दकी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में बताया कि मेरे पति व देवर यूसुफ एक फैक्ट्री में ठेकेदारी का काम करते थे। जिनके पास सीता नाम की एक महिला ने लगभग 15 रोज कार्य किया और अपने पति से तंग आकर घर छोड़कर बच्चों का भरण पोषण करने के लिए अपने गृह जनपद आई वही किसी के कहने पर फैक्ट्री में काम की तलाश में थी जहां पर कुछ दिन काम करने लगी थी कि एक रोज महिला का पति आ गया और उसके डरकर से वह काम छोड़ दिया। और अपने गांव चली गई। वहीं उसके बाद वो काम छोड़कर कही चली गई और मेरे पति रोजी रोटी कमाने के लिए विदेश चले गए महीनों बाद सीता का पति दुष्यंत मेरे घर आया और कहा मेरी पत्नी का पता बताओ जब उसने कहा मुझे कोई जानकारी नहीं है। तो उक्त व्यक्ति ने दो लाख रुपए की मांग की और कहा कि अगर रुपया नही दिए तो उसके परिजनो को झूठे मुकदमे में फंसा दूगा और तरह तरह के इल्जाम लगाया। और युवक आए दिन स्थानीय पुलिस को उल्टे सीधे शिकायती पत्र दिया करता है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही थी कि महिला सीता कोतवाली प्रभारी व क्षेत्राधिकारी के सामने बयान कैमरे के सामने दिया और लोगों के अंजुम पत्नी यासिन सिद्दकी को एक नेक दिल इंसान बताते हुए अपनी मदद करने और अपने पति के खिलाफ बोली कि मेरे बच्चों को खाने तक नहीं देता था और हमे मारता पीटता था इस वजह से हम अपने गृह जनपद में रहकर बच्चों का भरण पोषण कर लूंगी लेकिन पति के घर नहीं जाऊंगी।

हिंदी दिवस पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में वैश्विक स्तर पर हिंदी की बढ़ती प्रासंगिकता एवं वर्तमान परिवेश में हिंदी पत्रकारिता की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा कवि आयूष यादव को सरस्वती सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रामसेवक यादव ने कहा कि झ्र ह्लहिन्दी पत्रकारिता की कहानी भारतीय राष्ट्रीयता की कहानी है। हिन्दी पत्रकारिता के आदि उन्नायक जातीय चेतना, युगबोध और अपने महत्दायित्व के प्रति पूर्ण सचेत थे। कदाचित्इसलिए विदेशी सरकार की दमन-नीति का उन्हें शिकार होना पड़ा था। अध्यक्षता कर रहे शिक्षक एवं समाजसेवी विपिन द्विवेदी ने कहा कि विश्व स्तर पर 600 मिलियन से अधिक लोगों द्वारा हिंदी बोली जाती है। जिससे यह दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कान्त दुबे ने कहा कि ह्लहिंदी देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। संविधान में हिंदी को प्रमुख स्थान दिया गया है। कार्यक्रम में डॉ. नलिन कुमार सिंह एवं डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला न भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार रामसेवक यादव , जमीर खान , मनीष मिश्रा , सर्वज्ञ द्विवेदी , अभिषेक श्रीवास्तव , विक्रम निषाद , आनन्द प्रकाश जोशी व कवि आयुष यादव को सरस्वती सम्मान से नवाजा गया । कार्यक्रम में डॉ. नलिन कुमार सिंह, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. मनीषा बाजपेई, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. विकास बाजपेई, अमित कुमार प्रजापति, विनीत कुमार, डॉ, अनुराग रावत, डॉ. कुलदीप कुमार रावत, डॉ. दयानन्द मिश्रा, नन्हा सिंह, अनिल कुमार यादव, अनिल कुमार, योगेन्द्र सिंह, वरुण आदि ने विशेष योगदान देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया । कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक परिषद संयोजक अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

वीआरसी केंद्र पर चल रहा है शिक्षको का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आप सब लोग भलीभांति यहां चार दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आपको दक्ष कर लें।जिससे आप सभी अपने-अपने विद्यालय में जाकर बच्चों को एक व्यवस्थित, सहज से सहज और सरल से सरल शिक्षा व्यवस्था प्रदान कर सकें। सभी प्रशिक्षुओं से अपेक्षा की कि अपने विद्यालय को निर्धारित समय सीमा में निपुण बनाने के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने ब्लाक संसाधन केन्द्र स्थित हफीजाबाद में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण में कल तीसरे दिन प्रशिक्षणरत शिक्षिकों से कही। प्रशिक्षण में सन्दर्भदाता शैलेन्द्र यादव, श्यामेन्द्र सिंह, शिवकुमार, पियूष त्रिवेदी, कुलदीप सिंह द्वारा नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण एफएलएन 3 (फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी) में 100 परिषदीय शिक्षकों को प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेंड किया जा रहा है। नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं परिचय, अकादमिक वर्ष में पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिका अन्य शिक्षण अधिगमों की समझ, एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्य पुस्तकों की समझ, पाठ्य पुस्तक आधारित कार्यपुस्तिका की समझ, पठन अभ्यास एवं प्रवाह पूर्ण पठन पर समझ, अकादमिक वर्ष के शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ के विभिन्न सत्र आयोजित किये गये। संदर्भदाता शिवकुमार ने बताया कि एफएलएन प्रशिक्षण के अंतर्गत मैं करू, हम मिलकर करें, तुम स्वयं करो की सीखने की प्रक्रिया है जिसके माध्यम से सभी बच्चों को बुनियादी भाषा तथा गणित के निपुण करना है। प्रदीप शुक्ला, अजीत द्विवेदी, समीर गुप्ता, दिनेश सिंह, विजय शर्मा, रज्जू प्रसाद, नीलम बाजपेई, मिथिलेश कुमारी, रंजीत सिंह,विकास गुप्ता, कमलेश अवस्थी, राहुल तिवारी, दीपक द्विवेदी, शिवनेन्द्र त्रिवेदी,गीता, निशा, मनीराम, सुधीर कुमार आदि सहित सौ प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

पोधारोपड महाअभियान के तहत एमएलसी ने सैकड़ो लोगो दिलाई भाजपा की सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड असोहा क्षेत्र के कुटी बीर बाबा सेवा संस्थान के तहत पूरे जिले में लगाये जा रहे पौधो की कड़ी में आज क्षेत्र के चौपई गांव में पौधा रोपड़ कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष संजय शुक्ल के नेतृत्व में किया गया ,कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा एम एल सीं रामचन्द्र प्रधान ने पौधा रोपड़ किया तथा लोगो को शपथ दिलाई इस दौरान उन्होंने कहा कि आज प्रकति रोज अपना स्वभाव बदल रही है और यदि प्रकति में संतुलन बनाना है तो अधिक से अधिक पौधरोपड़ करे ।इस दौरान चौपई के बूथ संख्या 239 ,240 पर लगभग डेढ़ सैकड़ा लोगो को भाजपा कीसदस्यता ग्रहण कराई ।कुटीबीर बाबा मंदिर के दर्शन करने के उपरांत पत्रकारों से वार्ता के दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्यायों जैसे जर्जर मार्ग ,आवारा जानवरो पर बोलते हुए कहा कि जल्द ही इन समस्यायों से निजात मिलेगी ,उन्होंने कहा कि आगामी उपचुनाव में भाजपा सभी सीट जीतने जा रही है ।इस दौरान प्रधान अमरसिंह यादव ,प्रधान उमेश साहू ,प्रधान आनन्द गुप्ता ,प्रवीण शुक्ल , रामराज सिंह ,नीरज त्रिपाठी , पुनीत यादव ,राम जी गुप्ता , बबलू दिक्छित, फिरोज अहमद ,त्रिभुवन त्रिपाठी ,सुनील सिंह , अजय सविता , तुलसी सविता अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जामा मस्जिद में जीएनआरएफ फाउंडेशन द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप ने इस साल हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस को एक अनूठे अंदाज में मनाया। यह विशेष आयोजन हजरत मोहम्मद की याद में आयोजित किया गया था और इसमें स्थानीय युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।जीएनआरएफ फाउंडेशन जो कि आपदा की स्थिति में जरूरतमंदों की सहायता करता है। उसी ने इस कैंप को आयोजित करने का निर्णय लिया। फाउंडेशन की टीम हमेशा विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती है और इस बार उन्होंने रबी उल अव्वल के मौके पर एक नई पहल की। जीएनआरएफ फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद वसीक अत्तारी ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि रबी उल अव्वल का महीना मुसलमानों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दौरान हजरत मोहम्मद मुस्तफा का जन्मदिन मनाया जाता है। अत्तारी ने कहा, हम हर साल इस दिन को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं। आमतौर पर इस दिन लाइटिंग, जुलूस और अन्य आयोजनों का आयोजन किया जाता है।लेकिन इस बार, हमने एक नया और सामाजिक पहलू अपना ने का सोचा।ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन इस महीने में एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे हम समाज के लोगों की मदद कर सकते हैं और उनकी जान बचाने में योगदान दे सकते हैं। इस कैंप के आयोजन से पहले, जीएनआरएफ फाउंडेशन की टीम ने व्यापक प्रचार-प्रसार किया और स्थानीय समुदाय को ब्लड डोनेशन के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दिन, जामा मस्जिद में एक विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले युवाओं को सुविधा प्रदान की गई। युवाओं ने इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कई लोगों ने अपने रक्त के साथ ब्लड भी दान किए।इस मौके पर उन्नाव सिटी मजिस्ट्रेट ने भी उपस्थिति दर्ज की और रक्तदान कर रहे युवाओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने इस तरह के सामाजिक कार्यों की सराहना की और स्थानीय समाज के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। ₹इस तरह के आयोजन न केवल समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं, बल्कि इससे यह भी साबित होता है कि हमारे युवा समाज के प्रति कितने संवेदनशील और जिम्मेदार हैं।इसके अलावा, इस कार्यक्रम में मौलाना असलम मदनी, उवैस खान, नियाज अहमद, और अरशद जमाल जैसे कई प्रमुख व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

धूप निकलते ही गिरे कच्चे घर बाल बाल बचे परिजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बारिश के बाद कल धूप खिलने से घर गिरने लगे विकास खंड असोहा क्षेत्र के कन्दरपुर गांव में अखिलेश अवस्थी के घर मे जिस कमरे में घर गृहस्थी का सामान रखा जाता तथा खाना बनाया जाता कल देर रात अचानक भरभरा कर कमरा बैठ गया ,गिरे कमरे में गैस सिलेंडर चूल्हा ,बक्शा बर्तन तथा गेहू चावल ,दाल ,सहित ग्रहस्थी का अन्य सामान उसी में दब कर नष्ट हो गया , सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अखिलेश कुमार ने नष्ट हुए सामान का आंकलन कर शाशन से हर सम्भव मदद दिलाये जाने का भरोसा पीड़ित को दिया , वही दूसरी घटना क्षेत्र के पाठकपुर गांव में श्री केशन दिवेद्दी के घर घटी कल शाम लग्भग आठ बजे श्री केशन अपने परिवार के साथ कमरे में बैठे चाय पी रहे थे कि अचानक पूरा कमरा बैठ गया जिसमें श्रीकेशन व उनके लड़के गोपाल दब गए ,जिनको निकालने में उनके बड़े लड़के कन्हैया तथा पत्नी को भी चोटे आ गई वही श्रीकेषन तथा गोपाल के भी चोट आई ,कमरा गिरने से उनकी गृहस्थी का सामान सब दब कर नष्ट हो गया वही क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना स्थल पर पहुंच कर हुए नुक्सान का आंकलन कर शाशन से हर सम्भव मदद दिलाये जाने का आश्वाशन दिया ।

ग्रह स्वामिनी के कनपटी पर तमंचा लगाकर की लूट पकड़े गए बदमाशो से पुलिस की मुठभेड़, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम पंचू पुरवा में शुक्रवार की देर शाम एक मकान पर लुटेरों ने हमला कर दिया। चार लुटेरों ने मकान के पिछवाड़े की दीवार फांदकर घर में घुसने का प्रयास किया और गृहस्वामिनी की कनपटी पर तमंचा तान दिया।लूटपाट के दौरान लुटेरों ने घर से लाखों रुपए का माल समेट लिया। एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और लापरवाही बरतने पर इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है पकड़े गए दो आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद अन्य की निशानदेही पर ले जाने के दौरान ही पुलिस से मुठभेड़ हो गई, इसमें दो बदमाश घायल हुए हैं।जानकारी के अनुसार, नगर के लखनऊ मार्ग चौराहा स्थित मोहल्ला नौनिहालगंज निवासी गोपी कृष्ण गुप्ता का पुत्र प्रियांशु गुप्ता हाल ही में पंचू पुरवा में एक नया मकान बना कर रहने लगा था। इसके साथ ही उसने अपने घर में बनी दुकानों में व्यापार भी शुरू किया था। शुक्रवार की देर शाम करीब 7 बदमाश मकान के पिछवाड़े की दीवार फांदकर अंदर घुस गए।

घर में घुसते ही एक लुटेरे ने पूनम गुप्ता की कनपटी पर तमंचा तान दिया। इसके बाद अन्य तीन लुटेरों ने अलमारी और संदूकों को खंगालते हुए लाखों रुपए का जेवर और अन्य मूल्यवान सामान लूट लिया।लूटपाट के बाद लुटेरों ने सदरी दरवाजा खोलकर पड़ोसी ग्राम सहन की ओर भागने का प्रयास किया। भागने से पहले उन्होंने मकान के मुख्य दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दी। जिससे घर के अंदर मौजूद पूनम गुप्ता और सूरज को बाहर निकलने में कठिनाई हुई।घटना के बाद बांगरमऊ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की थी ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए दो बदमाश अंशु पाल निवासी न्यू कटरा थाना बांगरमऊ अभिषेक निवासी पन्नी टोला को हिरासत में लिया शनिवार की सुबह उनकी निशानदेही पर अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस जा रही थी इसी दौरान दोनों बदमाश भागने लगे जिस पर पुलिस से मुठभेड़ हो गई।पुलिस में अंशु पाल और अभिषेक के पैर में गोली मारी है और उन्हें घायलवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। इंस्पेक्टर बांगरमऊ राजकुमार सरोज को घटना में लापरवाही के प्रति निलंबित कर दिया है। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में चार गोल्ड मेडल जीतकर भारत के तिरंगे का बढ़ाया मान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।15 वर्ल्ड फायर फाइटर गेम 2024 डेनमार्क देश केalbergशहर में 7 सितंबर से 14 सितंबर तक होना प्रस्तावित था जिसमें फायर सर्विस चालक आनंद प्रताप सिंह पुत्र श्री नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम जंगली खेड़ा बीघापुर उन्नाव के द्वारा दिनांक 9 सितंबर को शॉट पुट थ्रो में गोल्ड मेडल 100 x4 रिले रेस में गोल्ड मेडल दिनांक 10 सितंबर को डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल दिनांक 11 सितंबर को हैमर थ्रो में गोल्ड मेडल हासिल किया गया जो वर्तमान समय में जनपद रायबरेली के फायर स्टेशन लालगंज में चालक के पद पर कार्यरत हैं जिनके द्वारा डेनमार्क देश में आयोजित प्रतियोगिता में 75 देश सम्मिलित थे विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में चार गोल्ड मेडल हासिल कर भारत के तिरंगे का मान बढ़ाया

मस्जिद में मौलाना की तैनाती को लेकर खूनी खेल, दर्जनों घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावा थाना क्षेत्र में मस्जिद में मौलाना की तैनाती को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों तरफ से लाठी-डंडे चले। फायरिंग हुई। मारपीट में किसी का सिर फटो तो किसी का हाथ टूटा। दोनों तरफ से लगभग 15 लोग घायल हो गए हैं। तीन की हालत गंभीर है।बवाल की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मामले की लोगों से जानकारी ली। पुलिस ने एक पक्ष के घायलों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इलाके में फौर्स तैनात है।मौरावा थाना क्षेत्र के गांव भवानीगंज में गौसिया मस्जिद है। इसी मस्जिद में मौलाना की तैनाती को लेकर विवाद चल रहा था। यहां के एक पक्ष के जमील और उनके परिजनों की, दूसरे पक्ष सुल्ली और उनके परिजनों से मौलाना की तैनाती को लेकर रंजिश चल रही थी। गांव वाले बताते हैं कि एक साल पहले तक जमील के पक्ष का मौलाना मस्जिद में तैनात था। जिसको लेकर सुल्ली के पक्ष को आपत्ति थी।बीते 1 साल से सुल्ली के पक्ष का मौलाना वहां तैनात हो गया। जिसको लेकर जमील का पक्ष लगातार विरोध कर रहा था। शुक्रवार को इसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों ने लाठी डंडे निकाल लिए।एक दूसरे को मारने के लिए टूट पड़े। जमकर लाठी और डंडे चले। मारपीट के बीच किसी ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। गोली की आवाज सुनकर मौके पर भगदड़ मच गई। इलाके में दहशत में फैल गई। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।पुलिस के पहुंचने तक यहां मारपीट होती रही। इसमें एक पक्ष से हफीज, जमील, मुमताज, महमूद अली, नसीम मेंराजा, नौशाद और शकीरा लहूलुहान हो गए। किसी का सिर फटा तो किसी के हाथ में चोट आई। दूसरे पक्ष से कमरूद्दीन, मोइनुद्दीन व पीर गुलाम घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मौरावां सीएचसी पहुंचाया। यहां से एक पक्ष के कमरूद्दीन, दूसरे पक्ष के मुमताज, नौशाद, जमीर और हफीज को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना अध्यक्ष चंद्रकांत सिंह ने बताया एक पक्ष के जावेद अहमद की तहरीर पर 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।दूसरे पक्ष की अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि मस्जिद में मौलवी की नियुक्ति को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। मारपीट हुई। इस मामले में सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादकीय

नापाक हरकतों से बाज नहीं आएगा पाकिस्तान

पाकिस्तान सरकार दिवालिया होने से बचने के लिए दुनियाभर के देशों से भीख मांग रही है। उसे वहां से कुछ फौरी राहत भी मिली है, परंतु वह बस इतनी है जो रोजाना के सरकारी खर्च तो चल रहे हैं, परंतु जनता की दयनीय दशा में कोई खास सुधार नहीं हो सकता। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था उस मरीज की तरह हो चुकी है, जो मृत समान ही है, पर वेंटिलेटर लगाकर उसे आधिकारिक रूप से मृत घोषित किए जाने से बचाकर रखा गया है। इसके बावजूद नापाक पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वो रह रहकर भारत को छेड़ने की हरसंभव कोशिश करता रहता है। उसका हर संभव प्रयास होता है कि किसी भी तरह से भारत में अशांति फैलाई जाए। उसकी कोशिश है कि किसी कश्मीर में आतंकवाद को दोबारा जिंदा किया जाए। भारत का अमन-चैन उससे सहन नहीं होता, लेकिन हमारे सुरक्षा बलों की चौकसी उसके हर मंसूबे को नाकाम कर रही है। एक के बाद एक कश्मीर में आतंकी मारे जा रहे हैं। बुधवार को भी जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों से एनकाउंटर में 2 आतंकी मारे गए हैं। आर्मी के फर्स्ट पैरा के जवानों को उधमपुर के खंडरा टॉप के जंगलों में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। दोपहर 12.50 बजे आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग की। जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की। करीब चार घंटे चले एनकाउंटर के बाद सुरक्षाबलों ने तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। पाक सेना सीमा पर भी गोलीबारी करके भारत को उकसाने की कोशिशों में लगी रहती है। 10-11 सितंबर की दरमियानी रात 2:35 बजे जम्मू-कश्मीर के अखनूर में पाकिस्तानी जवानों ने बॉर्डर पर सीजफायर का उल्लंघन किया। जवाब में हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी फायरिंग की। हमारा एक जवान घायल हो गया है। असल मसला ये है कि 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की पहले फेज की वोटिंग होनी है। पाकिस्तान को लग रहा है कि कहीं कश्मीर में शांतिपूर्वक सरकार बन गई तो उसके नापाक मंसूबे ध्वस्त हो जाएंगे। 17 अक्टूबर को भी पाकिस्तानी रेंजर्स ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर फायरिंग की थी। इसमें दो बीएसएफ जवान घायल हुए थे। घटना इंटरनेशनल बॉर्डर पर हुई थी। जबकि भारत और पाक के बीच युद्धविराम समझौता भी है। भारत और पाकिस्तान ने 25 फरवरी, 2021 को युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों ने घोषणा की थी कि वे जम्मू-कश्मीर और अन्य क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम पर सभी समझौतों का सख्ती से पालन करेंगे। तब इस्लामाबाद और नई दिल्ली में जारी एक संयुक्त बयान में इसका ऐलान किया गया था। भारत और पाकिस्तान ने शुरुआत में 2003 में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन पाकिस्तान समझौते का उल्लंघन करता आया है। फरवरी 2021 में लोकसभा में तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा था कि 2018, 2019 और 2020 में पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा पर संघर्ष विराम उल्लंघन के कुल 10,752 मामले हुए थे, जिसमें 364 सुरक्षाकर्मी और 341 नागरिक घायल हुए। 2020 में 5,000 से ज्यादा बार गोलीबारी की घटना हुई, जो एक साल में सबसे ज्यादा थी। साफ है कि पाक अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आएगा। इसके लिए जरूरी है कि उसे कड़े से कड़ा जवाब दिया जाए। एक बार ऐसा जोर का तमाचा मारा जाए कि वो दोबारा ऐसी हरकत करने की हिमाकत करने से पहले सौ बार सोचे।

नवाचार
प्रमोद भार्गव

अब जैविक दूध से श्वेत क्रांति

बीते 9 वर्षों में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। अब जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है। पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दूध की कमी पूरी करने के साथ पौष्टिक भी होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ई-3 (इकोनोमी, एनवायरमेंट, एमप्लायमेंट) नीति को जारी करते हुए कहा कि यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में होगी। आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग नहीं होगा।

भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार अब जैविक तकनीक के क्षेत्र में नवाचार करने जा रही है। सरकार ने इस सिलसिले में देश में पहली बार ई-3 (इकोनोमी, एनवायरमेंट, एमप्लायमेंट) नीति जारी की है। इसके तहत दूध, खाद्यान्न, पर्यावरण सहित प्रत्येक चुनौती से निपटने की तैयारी है। इस क्षेत्र में फिलहाल जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है। पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दूध की कमी पूरा करने के साथ पौष्टिक भी होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस ई-3 नीति को जारी करते हुए कहा कि यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में होगी।

आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग कतई नहीं होगा। भारत दूध उत्पादन में दुनिया में पहले सोपान पर है और विश्व के कुल दूध उत्पादन में भारत 24 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। बीते 9 वर्षों में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। नतीजतन प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2022-23 में 459 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। 9 वर्ष पहले यह उपलब्धता महज 300 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन थी। जबकि कुछ साल पहले दुग्ध उत्पादों के आयात की संभावना जताई जाने लगी थी। किंतु अब पशु संवर्धन के लिए किए गए प्रयास रंग दिखाने लगे हैं। बीते एक दशक में दूध के उत्पादन एवं उत्पादकता में आजादी के बाद से सर्वाधिक वृद्धि हुई है। दूध की उपलब्धता बढ़ी तो भारतीयों के खान-पान की आदत में दूध और उसके उत्पादों का सेवन व खपत भी बढ़ गई। अब प्रत्येक भारतीय दुनिया में औसत खपत में से 65 ग्राम अधिक दूध पीने लगा है। दूध की वैश्विक औसत खपत फिलहाल 394 ग्राम प्रति व्यक्ति है। भारत में दूध पशुपालक उत्पादित करते हैं। उनका यह परंपरागत धंधा है, जिसे वे ज्ञान परंपरा से जानते व सीखते हैं। भारत में दूध, दही, घी और मक्खन का उत्पादन प्राचीन समय से चला आ रहा है।

भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं दही, माखन की चोरी और फिर कंस को गोकुल से कर के रूप में दुग्ध उत्पादन नहीं भेजने के विरोध से जुड़ी हैं। दूध को लेकर कृष्ण के नेतृत्व में ग्वाल समाज का दूध के परिप्रेक्ष्य में शायद यह क्रांति का पहला उद्घोष था। इसके बाद ब्रिटिश साम्राज्य में यह विरोध देखने में आया और सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में इसने श्वेत या दुग्ध क्रांति के रूप में जन्म लिया। दरअसल, जिस खेड़ा क्षेत्र से श्वेत क्रांति की शुरुआत हुई थी, वही आजादी के बाद खेड़ा जिला बना और वर्तमान में इसे ही आनंद के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में 30 करोड़ से अधिक गाय एवं भैंस के साथ 2 करोड़ से अधिक भेड़-बकरी आदि पशुओं को पाल-पोसकर यह दूध प्राप्त किया जा रहा है। लेकिन इसकी खपत और जरूरत निरंतर बढ़ रही है।

फिरंगी हुकूमत के दौरान पॉल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी।

इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की। इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। किसानों की ज्ञान परंपरा और वर्गीज कुरियन के यांत्रिक गठबंधन से इस संस्था ने उपलब्धि का शिखर चूम लिया।

बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं।

वर्ष 2013-14 के दौरान देश में 1463 लाख टन दूध उत्पादन हुआ था, जो 2022-23 में बढ़कर 2306 लाख टन हो गया है। भारत में प्रत्येक वर्ष दूध उत्पादन 5.9 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ रहा है, जबकि दुनिया में दूध की औसत वृद्धि दर्ज प्रतिवर्ष मात्र दो प्रतिशत है। लगभग 150 देशों में भारत के सह दुग्ध उत्पादों की मांग बनी हुई है। पिछले वर्ष 65 लाख टन दुग्ध उत्पादन का निर्यात हुआ था। इस निर्यात के 2024 में और बढ़ने की उम्मीद हैं। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री संजीव बालियान का कहना है कि 'देश की अर्थव्यस्था में डेयरी सेक्टर का योगदान पांच प्रतिशत है और यह लगभग आठ करोड़ लोगों के रोजगार का बारहमासी मजबूत साधन है।' दूध की इस बड़ी अर्थव्यस्था में समृद्धि का रास्ता राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अस्तित्व में आने के बाद खुला है। इस योजना की शुरुआत दिसंबर 2014 में हुई थी। लक्ष्य था, वैज्ञानिक तरीके से देसी गो-जातीय प्रजातियों का विकास और संवर्धन।

फलस्वरूप राज्यों में गायों और भैंसों के परंपरागत प्रजनन तरीके से अलग किसानों के दरवाजे पर कृत्रिम गर्भाधान और आईवीएफ सेवाएं उपलब्ध कराईं। इसके नतीजे कारगर निकले। दूध की इस बढ़ती खपत के चलते दुनिया के देशों की निगाहें भी इस व्यापार को हड़पने में लगी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी दूध का कारोबार करने वाली फ्रांस की कंपनी लैक्टेल है। इसने भारत की सबसे बड़ी हैदराबाद की 'तिरूमाला डेयरी' को 1750 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। भारत की तेल कंपनी ऑइल इंडिया भी इसमें प्रवेश कर रही है। क्योंकि दूध का यह कारोबार विश्वस्तर पर करीब 16 फीसदी की दर से हर साल बढ़ रहा है। अमेरिका भी अपने देश में बने सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है।

सारा संसार

श्रीपुरम गोल्डन मंदिर तमिलनाडु के वेल्लोर शहर में मालाकोडी की पहाड़ियों पर स्थित है। यह मंदिर धन की देवी लक्ष्मी और भगवान नारायण को समर्पित है। सोने से बने इस मंदिर को 100 एकड़ के क्षेत्र में फैलाया गया है। बता दें कि पूरी तरह से शुद्ध सोने से बने इस मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 2007 में पूरा हुआ है।

निरंतर रूप से निखरती है आत्म-प्रतिस्पर्धा

संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतनिर्हित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है।

सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें

संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

पूर्वांचल

कृष्णमोहन झा

मणिपुर में कठिन चुनौतियों के बीच काम कर रहा संघ

देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में पिछले एक साल से जारी हिंसात्मक उपद्रवों के कारण असुरक्षा का जो माहौल बना हुआ है उस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत कई बार गंभीर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। संघ प्रमुख ने मणिपुर की समस्या के समाधान हेतु त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। हाल में ही संघ के समर्पित कार्यकर्ता शंकर दिनकर काणे के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में संघ प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में असुरक्षा के माहौल में रहकर भी संघ के कार्यकर्ता दोनों समूहों के बीच शांति ,सौहार्द और परस्पर विश्वास कायम करने के लिए रात-दिन काम कर रहे हैं और उन्हें अपने प्रयासों में अब सफलता मिलने लगी है। संघ प्रमुख ने मणिपुर में शिक्षा के प्रचार-प्रसार और राज्य के बच्चों को शिक्षित करने के लिए शंकर दिनकर काणे के सराहनीय योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि वे चालीस साल पहले मणिपुर में शिक्षा की जड़ें मजबूत करने के लिए वहां काफी समय तक रुके और इसी पुनीत भावना से वहां के बच्चों को महाराष्ट्र लेकर आए तथा यहां उनके आवास और शिक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए।

मणिपुर में संघ के कार्यों के अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में चालीस साल पहले जो बदतर होते हालात थे, उसमें सकारात्मक बदलाव लाने में काणे जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है जो वहां जाकर वहां का हिस्सा बन गए और बदलाव लाने के लिए समर्पित भाव से जुटे रहे। संघ प्रमुख ने कहा कि पूर्वांचल को पंद्रह साल पहले समस्याओं वाला क्षेत्र कहा जाता था परन्तु अब स्थितियां बदल चुकी हैं। मणिपुर में बहुत बदलाव आया है परन्तु कुछ लोग मणिपुर में अशांति का वातावरण निर्मित कर वहां की प्रगति के मार्ग में बाधा खड़ी करना चाहते हैं लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं होंगे। राज्य की जनता समझ चुकी है कि अशांति का माहौल रहते प्रगति नहीं हो सकती। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के कार्यकर्ता असुरक्षित माहौल में भी अपने काम में लगे हुए हैं। वे दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर उनके बीच क्रोध और द्वेष को कम करने तथा उनके बीच अविश्वास की खाई को पाटने की कोशिश कर रहे हैं।

संघ के कार्यकर्ताओं क्रो अपनी कोशिशों में लगातार सफलता मिल रही है। संघ के कार्यकर्ताओं को अपने कार्यों से दोनों पक्षों का विश्वास अर्जित करने में कामयाबी मिली है। मणिपुर में सामाजिक समन्वय स्थापित करने और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने में शंकर दिनकर काणे जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रयास फलीभूत हुए हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

पाकिस्तान का झूठ बेनकाब

पाकिस्तान आतंकवाद की ही नहीं, बल्कि झूठ की भी फैक्टरी है। लेकिन कहते हैं न कि 'सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से।' पाकिस्तान की असलियत सबके सामने आ चुकी है। अब इसकी ड्रामेबाजी नहीं चलने वाली। पाकिस्तान कायरतापूर्ण हरकतें करता आया है। कारगिल युद्ध में भी इसने अपनी कायरता दिखाई थी, इस बात को वहां के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कुछ दिन पहले, 6 सितंबर को रक्षा दिवस के दिन माना है। पाकिस्तान ने इस बात को कभी भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया था कि कारगिल युद्ध में उसकी सीधी भूमिका थी। वो हमेशा ही यह कहता रहा है कि कारगिल युद्ध में उसके यहां के मुजाहिदीन और स्वतंत्रता सेनानियों का काम था। लेकिन अब उसे स्वीकार करना पड़ा है कि यह काम पाक का ही था। *- मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

ट्रेंड

कांग्रेस देश विरोधी

देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

जाति जनगणना अजेय विचार

जाति जनगणना अब एक अजेय विचार है। यह महत्वपूर्ण प्रश्न कि क्या हमारी 90% आबादी का भारत की संस्थागत संरचना - अर्थव्यवस्था, सरकार, शिक्षा - में सार्थक प्रतिनिधित्व है - एक उत्तर की मांग करता है। इसके मूल में, यह निष्पक्षता और न्याय का मुद्दा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

मिलकर खुशी हुई

अमेरिका के एक्जिम बैंक की अध्यक्ष से दिल्ली में बैठक के दौरान मिलकर खुशी हुई। भारत क्वायड का एक प्रमुख सदस्य है और बड़ी संख्या में क्षेत्रों में उच्च स्तर की वित्तीय सहायता के लिए पात्र हो सकता है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

आध्यात्मिक सुयोग

सागर यात्रा की पूर्व संध्या पर भगवान वरूण की आरती करके इस आध्यात्मिक सुयोग का शुभारंभ करना मेरे लिए एक सर्वथा नवीन अनुभव था। प्रथम दिन इस जहाज पर भारतवंशियों की संख्या व समृद्धि देखकर बहुत प्रसन्नता हुई।

-कुमार विश्वास, कवि व व्याख्याता

करंट अफेयर

केन्या में अदाणी समूह के खिलाफ प्रदर्शन

केन्या सरकार और भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह के बीच हुए एक समझौते के विरोध में बुधवार को देश के मुख्य हवाई अड्डे पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण विमानों का परिचालन थमा रहा और सैकड़ों यात्री हवाई अड्डे पर फंसे रहे। सरकार ने कहा है कि अदाणी समूह के साथ निर्माण और संचालन समझौते के तहत जोमो केन्याटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नवीनीकरण किया जाएगा और एक अतिरिक्त रनवे एवं टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। समझौते के तहत समूह 30 वर्षों तक हवाई अड्डे का संचालन करेगा।

ऑफ बीट

सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं,



संक्षेप

ग्राम समाज की भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा, प्रधान ने तहसीलदार को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कलवारी में ग्राम समाज की भूमि पर भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिसको लेकर प्रधान ग्राम पंचायत कलवारी ने तहसीलदार को पत्र लिखकर ग्राम समाज की जमीन को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराये जाने की मांग की है। तहसीलदार को दिये प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान कलवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत में स्थित ग्राम समाज की जमीन पर दुगार्पुर निवासी एक भूमाफिया ने कब्जा कर लिया है। अवैध कब्जा करने के साथ ही उक्त भूमाफिया द्वारा जमीन के तीन प्लाट भी बिक्री कर दिया गया है। शेष जमीन पर अभी भी अवैध कब्जा है। प्रधान कलवारी ने इस प्रकरण की जांच करवाकर ग्राम समाज की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटावाये जाने तथा एंटी भू-माफिया के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

गन्ने के खेत में मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के अरई कला के पंडित पुरवा निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह शौच को जाते समय ग्रामीणों ने देखा तो सूचना आग की तरह छेत्र मे फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय अन्यत्र परीक्षण के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरई कला के पंडित पुरवा निवासी नानहू पुत्र मिलन 45 वर्ष बीते शुक्रवार की शाम गजाधरपुर चौराहे पर गृहस्थी का सामान लेने गए थे जहां पर बैठकर शराब पी और अपने घर वापस चल दिए घर पहुंचने से पहले ही डामर मार्ग एवं खंडजा के किनारे लगे गन्ने के खेत में पानी भरा हुआ था इस पानी में मृत अवस्था में सुबह मिले। शौच को जा रहे ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना थाने पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करवारकर कब्जे में लेकर अन्यत्र परीक्षण के लिए भेजा।

रामपुर में झाड़ियों से बरामद हुआ युवक का सिर

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर में मुरादाबाद के युवक मिली सिर कटी लाश का पुलिस ने आज सिर बरामद कर लिया है। साथ ही एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस का मानना है कि प्रेम-प्रसंग में हत्या की गई है। इस मामले में मुरादाबाद की बिलारी पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। जल्द ही वहां की पुलिस मामले का खुलासा करेगी। रामपुर में सैफनी थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी किनारे गन्ने के खेत में बुधवार की दोपहर सिर कटी लाश मिली थी।

सरयू नदी में उफान से शिवपुर के दर्जनों गांव तक पहुंच रहा बाढ़ का पानी

बीडीओ शिवपुर टीम सहित लगातार बाढ़ क्षेत्रों का कर रहे भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। सरयू नदी में उफान आने से शिवपुर व बलहा के कई गाँव बाढ़ की चपेट मे हैं। विकासखंड शिवपुर के शिवपुर बौडी, एकघरा, तिगड़ा, सोबतिया, बितानिया, नेवादा पूरे कस्बाती, पिपरिया, रायगंज, पाठकपुरवा चौकसा हार, डल्लापुरवा मे बाढ़ का मंजर साफ दिखाई दे रहा है।

जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत सरयू नदी में उफान आने से दर्जनों गांवों तक पानी पहुंच रहा है। ग्रामीणजन पशुओं सहित जान माल की सुरक्षा में लगे हुए हैं। कहीं रात में पानी बाढ़ न जाए इसका ग्रामीणों को भय सता रहा है जिससे हड़कंप का माहौल है। कई गांव के मुख्य मार्गों पर बाढ़ का पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया है। वहीं लगातार बाढ प्रभावित क्षेत्र का बीडीओ शिवपुर राजेंद्र प्रसाद द्वारा अपने टीम सहित भ्रमण किया जा रहा है। शनिवार को भी बीडीओ द्वारा कई बाढ़ राहत केन्द्रो का जायजा लिया गया तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। बीडीओ शिवपुर ने बताया कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ में ही बाढ़ प्रभावित सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को आवश्यकता अनुसार नाव उपलब्ध करा दी गई थी। बाढ़ केन्द्रो पर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणजनों को शासन द्वारा देय समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसी संकट से निपटने हेतु लगातार उच्च अधिकारियों से वार्ता हो रही है तथा एनडीआरफ सहित संबंधित अन्य टीमों को भी बाढ़ में आवाम की सुरक्षा हेतु अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। यदि बाढ़ से स्थित असमान्य हुई तो बाढ़ प्रभावित लोगों को सभी प्रकार से सुरक्षा व्यवस्था देने हेतु हम प्रतिबद्ध हैं।

ब्लाक हुजूरपुर में आयोजित हुआ कृषक जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। प्रदेश में बढ़ती आबादी को खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम खरीफ 2024 के अन्तर्गत ब्लाक हुजूरपुर मे विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला/किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री त्रिपाठी ने किसानों का आहवान किया कि प्रत्येक न्याय पंचायत में कम से कम एक-एक कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) का गठन करें ताकि कृषकों को रोजगार के अवसर पर मिल सकें। श्री त्रिपाठी ने कहा कि एफपीओ गठन के बाद कृषकों कृषि विभाग द्वारा संचालित अति महत्वपूर्ण योजना फार्म मशीनरी बैंक का लाभ प्राप्त हो सकेगा। जिसके तहत नये उद्योग स्थापित करने पर आपको भारत सरकार की एमएसेमी योजना से 35 प्रतिशत का अनुदान भी मिलेगा। श्री त्रिपाठी ने कृषकों का आहवान किया कि उत्पादन लागत में कमी लाने तथा कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिये आधुनिक कृषि यन्त्रों एवं प्रमाणित बीजों के उपयोग पर विशेष ध्यान दें। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा ने कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कृषि वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार राजभर ने आगामी फसलों के लिए खेत की तैयारी तथा बुआई के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। गोष्ठी के दौरान कृषकों को खरीफ फसलों में लगने वाले कीटों एवं रोगों से सुरक्षा एवं अन्नभंडारण आदि के सम्बन्ध में भी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम, विधान सभा संयोजक महेंद्र पाठक, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शनि सिंह, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, ग्राम प्रधान संतोष त्रिपाठी, राघवेंद्र मिश्रा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया नंदा, सहायक विकास अधिकारी कृषि रवि शुक्ला, राजकीय कृषि बीज भंडार बसंतपुर प्रभारी विवेक कुमार त्रिपाठी, श्याम देव मिश्रा इत्यादि द्वारा जैविक खेती के बारे में किसानों के साथ अपने अनुभव साझा किये गये। गोष्ठी में बड़ी संख्या में कृषक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

भूमि पत्तन कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए दिलाई गई शपथ

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के अनुपालन में शनिवार को भूमि पत्तन रुपईडीहा में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारम्भ किया गया। भूमि पत्तन कार्यालय रूपईडीहा के प्रबंधक सुधीर शर्मा ने बताया जानकारी देते हुए बताया की ग्रह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन पर रूपईडीहा में स्वक्षता पखवाड़े की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल 70 बी वाहिनी लखीमपुर खीरी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ भूमि पत्तन रुपईडीहा के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भूमि पत्तन रुपईडीहा कार्यालय प्रांगण में मेरे द्वारा स्वच्छता को अंगीकृत करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आशा व्यक्त की गई कि ये शपथ लेकर आप अपने समाज के सभी वर्ग के लोगो को स्वच्छता अभियान के बारे में

जागरूक करेगे। इस अवसर पर सहायक सेना नायक 70वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल शेलेश कुमार सिंह, सुरक्षा सलाहकार एन. के सिंह, सोनू कुमार, ओमपाल सिंह, अरुणय रमण सहित पत्तन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला ने ससुराली जनों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। दहेज की मांग को लेकर ससुराली जनों द्वारा मार पीट व परेशान करने पर पीड़िता ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कर लिय कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शास्त्री नगर कस्बा बीघापुर निवासिनी परजाना पुत्री मोहम्मद अजीज का विवाह 17 में 2023 को ग्राम भटमऊ थाना पुरवा जिला उन्नाव निवासी मोहम्मद निजाम अली पुत्र मोहम्मद नन्हकाऊ के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ पीड़िता के पिता ने विवाह में मोटरसाइकिल चैन अंगूठी व एक लाख रुपया अन्य सारी सामान दान दहेज में दिया पीड़िता के पति मो निजाम ससुर ससुर मोहम्मद नन्हकाउ सास सबीरा बानो ननद सलमा देवर सद्दाम दहेज से संतुष्ट नहीं थे दहेज में ?500000 (पांच लाख रुपया और मांग रहे थे जिसके कारण प्रताड़ित करने लगे पीड़िता के पति मोहम्मद निजाम अली पीड़िता को लेकर दिल्ली गए वहां पर भी दहेज की मांग को लेकर मारने पीटने लगे मार पीट कर भगा दिया पीड़िता ने अपने मायके चली आई जहां से संबंधित थाना कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

जमीनी विवाद में स्थानांतरित पत्रावलियों पर आदेश न किए जाने की लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद में चल रहे मुकदमे में बहस उपरांत पत्रावली हस्तांतरण के बाद आदेश न किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। ग्राम चमरौली निवासी राम प्रताप सिंह पुत्र अमरेंद्र पाल सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तहसीलदार न्यायिक हसनगंज के यहां चल रहे मुकदमे में बहस के बाद आदेश पर स्वीकृति नहीं मिली है जिस पर बैक डेट में हस्ताक्षर कर स्वीकृत देने से रोकने के संबंध में गुहार लगाई है। राम प्रताप ने बताया कि उसे जानकारी मिली कि पत्रवाली तहसीलदार हसनगंज छोड़कर मिजार्पुर में ज्वाइन कर लिया किंतु उपरोक्त पत्रावली में बैक डेट में आदेश कराए जाने के बाद विपक्षी दावेदारों द्वारा तहसीलदार पेशकर प्रशांत कुमार व एसडीएम पेशकार आकर्ष से सांठगांठ कर रही है। जिसपर राम प्रताप सिंह ने आईजीआरएस के माध्यम और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवैध तरीके से आदेश पर तहसीलदार के हस्ताक्षर कराए जाने से रोकने की मांग की है।

तालाब में डूबने से बुजुर्ग की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

खैरीघाट पुलिस व राजस्व महकमा मौजूद

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। बेलहा तालाब के किनारे खेत देखने गए पैरालिसिस से विकलांग ब्यक्ति की नित्य क्रिया के दौरान पैर फिसलने से तालाब में डूबने से हुई मौत। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र निहित ग्राम पंचायत मटेरा कलां निवासी गोबरे वर्मा (58) आज शनिवार सुबह बेलहा तालाब के किनारे स्थित खेत को नित्य क्रिया को गए थे। इसके बाद तालाब के निकट नित्य कर्म करने लगे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया। जिसके चलते वह तालाब में डूब गए और पानी में डूबकर मौत हो गई।

वहीं कुछ देर बाद उस रास्ते से जा रहे ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा तो तालाब के किनारे ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। फौरन पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पंहुची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पत्नी ननकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने संवैधानिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के निकट ही मृतक का खेत है और वह पैरालिसिस से विकलांग था। प्रतिदिन की तरह वह धीरे धीरे खेत भ्रमण के बाद नित्य क्रिया को गए थे। तालाब के किनारे पैर फिसलने से हादसा हो गया और डूबने से उनकी मृत्यु हो गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस सम्बन्ध मे प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट संजय कुमार सिंह से जानकारी जुटाई गई तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि खेत से लौटते वक्त पैर फिसलने से तालाब में डूब कर मृत्यु हो गई है, संवैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गणेश महोत्सव पंडाल में घुसी अनियंत्रित कार, पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एक गंभीर सड़क दुर्घटना ने गणेश पूजा के उत्सव को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित लग्जरी कार ने गणेश पूजा पंडाल में घुसकर पांच लोगों को घायल कर दिया। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के द्वारका मोहनी इलाके में स्थित गणेश पूजा पंडाल के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रही लग्जरी कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और पंडाल में घुस गई। कार की टकराहट से पंडाल में मौजूद लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और आपातकालीन सेवाएं पहुंच गईं। पुलिस ने घायल लोगों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उन्हें अस्पताल भेजा। दुर्घटना के कारणों की जांच अभी जारी है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार और ड्राइवर का नियंत्रण खोना मुख्य कारण बताये जा रहे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गुस्से में आकर लग्जरी कार सवार दो युवकों की पिटाई कर दी। भीड़ के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और दोनों युवकों को भीड़ से बचाकर अपनी सुरक्षा में ले लिया। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है और उनकी पहचान की जा रही है। घायलों की स्थिति को देखते हुए अस्पताल में उनके इलाज के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि कुछ घायलों की स्थिति गंभीर है और उन्हें निगरानी में रखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों और गणेश पूजा के आयोजकों ने इस घटना को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। इसके अलावा, पंडालों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को भी सख्त किया जाए।

रुपईडीहा नगर पंचायत को मिला अपना मोबाइल ट्रांसफार्मर

लोगो ने खुशी जताते हुए नगर पंचायत प्रशासन के प्रयास की सराहना



अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा नगर पंचायत की करीब 40 हजार आबादी के लिए राहत की खबर है। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास से नगर पंचायत को 600 केवीए क्षमता का एक मोबाइल ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो गया है। ऐसे में यदि नगर क्षेत्र में कहीं ट्रांसफार्मर की खराबी आती है तो तत्काल मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। नगर पंचायत रुपईडीहा भारत नेपाल सीमा पर बसा हुआ है। उपभोक्ताओं को सुचारु बिजली देने के लिए दर्जनों ट्रांसफार्मर लगे हैं। अक्सर कहीं न कहीं ट्रांसफार्मर में खराबी होती रहती है। खराब ट्रांसफार्मर को बदलने या फिर मरम्मत करने में 10 से 12 घंटे का समय लग जाता है। इस दौरान संबंधित क्षेत्र की आबादी को बिजली से वंचित रहना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए 600 केवीए क्षमता के मोबाइल ट्रांसफार्मर की उपलब्धता बिजली विभाग से करायी है। ऐसे में अब नगर क्षेत्र में कहीं पर ट्रांसफार्मर की खराबी से बिजली बाधित होगी तो विभाग की टीम इस मोबाइल ट्रांसफार्मर की मदद से आपूर्ति बहाल कर सकेगी।

सुविधा का रखा जा रहा ख्याल

नगर पंचायतवासियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। ट्रांसफार्मर में होने वाली खराबी से उत्पन्न होने वाली मुश्किल से निपटने के लिए ही मोबाइल ट्रांसफार्मर की उपलब्धता की गई है। आने वाले समय में बिजली व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए और भी प्रयास किया जाएगा।

डॉ उमाशंकर वैश्य
(नगर पंचायत अध्यक्ष रुपईडीहा)

लोगो ने जतायी खुशी

बीजेपी नेता रतन अग्रवाल, भीमसेन मिश्रा, सभासद रजा इमाम रिजवी, समाजसेवी डॉ अश्वनी वैश्य, शेर सिंह कसौधन, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री संजय कुमार ने नगर पंचायत प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की है। कहा कि ट्रांसफार्मर में अक्सर खराबी आती रहती है। क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर अक्सर खराब हुआ करते है । इससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कत होती है। अब मोबाइल ट्रांसफार्मर आ जाने से उपभोक्ताओं को घंटों बिजली से नहीं वंचित होना पड़ेगा। आबादी के हिसाब से यहां कम से कम दो मोबाइल ट्रांसफार्मर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रखने की जरूरत है।

रामपुर में विवाहिता की मौत पर परिजनों का हंगामा

- बोले- शादी की बाद से पति परेशान करता था, हत्या के बाद गले पर निशान बनाया

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर की रहने वाली विवाहिता की नोएडा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पति पर विवाहिता को नोएडा में फांसी लगाकर शव रामपुर लाकर फरार होने का आरोप लगाकर हंगामा किया। मायके पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने शव मॉच्युरी भिजवाया है। मॉच्युरी में दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और हंगामा करने लगे। मुरादाबाद के थाना कुंदरकी की रहने वाली नीलम की शादी रामपुर के पटवाई के रहने वाले रवि से 10 साल पहले हुई थी। परिजनों का आरोप है कि पति रवि शुरू से ही नीलम को परेशान करता था। रवि और नीलम के 3 बच्चे हैं। नीलम खुद ही परिवार को पड़ोसियों के घरों में काम करके पालती थी। रवि और नीलम बच्चों के साथ नोएडा में रहते थे। आज सुबह नीलम के परिजनों को अपने किसी परिचित से पता चला कि नीलम का शव रवि रामपुर में अपने घर लाया है और गुपचुप तरीके से दाह संस्कार करना चाहता है। सूचना पाकर परिजन घर पहुंच गए। जिसके बाद रवि फरार हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया की पति ने नीलम की हत्या कर गले पर निशान बना दिया। जबकि फांसी जिसको लगी होती है उसकी जुबान बाहर आ जाती है।

महिला ने ससुराली जनों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। दहेज की मांग को लेकर ससुराली जनों द्वारा मार पीट व परेशान करने पर पीड़िता ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कर लियो

कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शास्त्री नगर कस्बा बीघापुर निवासिनी परजाना पुत्री मोहम्मद अजीज का विवाह 17 में 2023 को ग्राम भटमऊ थाना पुरवा जिला उन्नाव निवासी मोहम्मद निजाम अली पुत्र मोहम्मद नन्हकाऊ के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ पीड़िता के पिता ने विवाह में मोटरसाइकिल चैन अंगूठी व एक लाख रुपया अन्य सारी सामान दान दहेज में दिया पीड़िता के पति मो निजाम ससुर ससुर मोहम्मद नन्हकाउ सास सबीरा बानो ननद सलमा देवर सद्दाम दहेज से संतुष्ट नहीं थे दहेज में ?500000 (पांच लाख रुपया और मांग रहे थे जिसके कारण प्रताड़ित करने लगे पीड़िता के पति मोहम्मद निजाम अली पीड़िता को लेकर दिल्ली गए वहां पर भी दहेज की मांग को लेकर मारने पीटने लगे मार पीट कर भगा दिया पीड़िता ने अपने मायके चली आई जहां से संबंधित थाना कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

हापुड़ में गोवंश तस्करों से मुठभेड़

- पुलिस की गोली से 3 बदमाश घायल, चार तस्करों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में थाना सिंभावली पुलिस और गोकशी करने वाले तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें पुलिस की गोली लगने से तीन तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चार चाकू, दो रस्सी, तीन तमंचे, कारतूस और दो बाइक बरामद की गई हैं। जानकारी के अनुसार, सिंभावली थाना प्रभारी विनोद पांडेय अपनी टीम के साथ नहर रोड पर धनपुरा कट के पास संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो बाइकों पर सवार चार संदिग्ध लोग दिखाई दिए। जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो वे फायरिंग कर भागने लगे। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिससे दो बदमाशों को पैर में और एक बदमाश को हथेली में गोली लगी। चौथे आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम खिलवाई निवासी गुलवीर उर्फ गुल्लू, हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरगेट टंकी के पास निवासी आसिफ, गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम अठसैनी निवासी सिन्नू और गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम खिलवाई निवासी नकुल शामिल हैं। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर अपराधी हैं

संक्षेप

जालौन में बारिश से गिरा कच्चा मकान

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में 36 घंटे से लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण कच्चे मकान गिरने शुरू हो गए हैं। सुबह बारिश और तेज हवा के कारण एक कच्चा मकान गिर गया, जिसके मलबे में पति-पत्नी दब गए, इस घटना को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जिन्होंने मलबे से दोनों लोगों को बाहर निकलते हुए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया। जिनका प्रथम उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें उरई रेफर कर दिया। घटना कोंच कोतवाली क्षेत्र के मालवीय नगर की है। मालवीय नगर के रहने वाले 75 वर्षीय वृद्ध हरिराम कुशवाहा पुत्र काशीराम का कच्चा मकान लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और तेज हवा के कारण गुरुवार सुबह भर भराकर जमीं दोज हो गया, जिसके नीचे हरीराम और उनकी पत्नी 70 वर्षीय पत्नी जानकी देवी उसके नीचे दब गई। सुबह हुई इस घटना को देख आसपास के लोग दहशत में आ गए और उन्होंने मौके पर पहुंचकर मलवे में दबे दंपति को तत्काल बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया। मगर हालत नाजुक होने के कारण दोनों को हायर सेंटर उरई के लिए रेफर कर दिया। वहीं इसकी जानकारी जैसे ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को हुई, अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। बताने की जालौन में बीते 36 घंटे से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है।

सोनभद्र में ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र के ग्राम पंचायत पटवध में वर्षों से गढ्ढे एवं जर्जर बसकटवा-कुरूहुल सम्पर्क मार्ग को निर्माण को लेकर गुरुवार के दिन सामाजिक चिन्तक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में शहरवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अविलंब पटवध स्थित बसकटवा-कुरूहुल/ सलखन सम्पर्क मार्ग निर्माण की मांग की है। सामाजिक चिन्तक आशुतोष गुप्ता का कहना था कि इस मार्ग से कुरूहुल एवं करगरा, गुरदह, भभाईच, बघनारी, बेलकप, चिरहुली, रजधन, अदलगंज, कोटिया, गंगटी, पईका के ग्रामों से उक्त रोड पर से लोगों को आवागमन प्रतिदिन नित्य होता है। जिनमें दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन से लेकर चार पहिया एवं विद्यालय की बसों का आवागमन होता है। किंतु उक्त मार्ग के कुछ हिस्सों में सड़क पानी से भरे गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। जिस पर पैदल चलने वालों को कमर तक पानी तथा बाइक सवारों को पहिए डूब जा रहा है। कीचड़ युक्त पानी में से पार हो रहे है। उक्त स्थान पर प्रतिदिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। कई बार ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण हेतु पानी में बैठकर धरना-प्रदर्शन किया गया। परन्तु किसी को उपरोक्त कीचड़ युक्त जल जमाव रोड की सुधी नहीं हुई। जिससे लगभग 13-14 गांवों की जनता आवागमन के दुर्दशा के शिकार हो रहे है।

आईटीएम की चार छात्रा ने महिला सुरक्षा के लिए बनाया पर्स गन मशीन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के अभियांत्रिकी दिवस कि पूर्व संध्या पर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के चार छात्राओं ने मिलकर महिलाओं की सुरक्षा के लिये पर्स मशीन गन बनाया हैं जो लड़कियों पर बुरी नजर डालने वाले छेड़खानी करने वाले मनचलों पर लाल मिर्च की गोलियाँ दाग कर सबक सिखा सकता हैं आईटीएम की चार छात्राएँ श्रेया मिश्रा, रिया त्रिपाठी, किरन और अंशिका ने अपने कॉलेज के इन्नोवेशन लैब टीम के साथ मिलकर लड़कियों के लिये एक पर्स गन तैयार किया हैं पर्स गन के 1 बुलेट की क ीमत लगभग 15 रुपये हैं इसके सूटिंग रेंज की हम बात करें तों लगभग 50 मीटर होंगी इसे बनाने में 1 महीने का समय लगा हैं और 2500 रुपए का खर्च आया हैं इसमें वॉइस रिकॉर्डिंग सिस्टम भी हैं जो जिसका डेटा सेट किये गये नंबर पर सेव होगा इसकी मदद सें असामाजिक तत्वों को पर कार्यवाही करने में पुलिस को मदद मिलेगी इस प्रोजेक्ट को बनाने में, मेटल पर्स, 10 मम बैरल 3 इंच की मेटल पाईप, जीपीएस चिप, जीएसएम, मॉडुल, रेड स्विच, ब्लूटूथ मॉडुल, इत्यादि उपकरणों का प्रयोग किया गया हैं संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे कॉलेज के इन्नीवेशन लैब में लगातार छात्र एवं छात्राएं निरंतर देश समाज हित में कुछ नया करने का प्रयास कर रहे हैं संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलियां, सचिन श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों के इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के मुजौली निवासी एक महिला घर में बच्चो के साथ अकेली रहती है। इसका पति मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। गांव का एक युवक हमेशा देखकर छेड़खानी करने के साथ अश्लील बाते करता रहता था। और पीड़िता को फोन कर धमकी भी देता रहता था। 8 सितंबर को अपराह्नएक बजे महिला घर में अकेली थी। तो आरोपी घर में घुस आया और महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संदीप सिंह पुत्र पप्पू सिंह के खिलाफ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

थाना समाधान दिवस पर 23 मामले, एक का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने किया यहां 7 मामले आए थे। जिसमे 5 राजस्व ,2 पुलिस के थे। एक मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। गीडा थाना में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया ने किया यहां 14 मामले आए थे। जो राजस्व से संबंधित थे। किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। हरपुर बुदहट थाने समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह ने किया यहां 3 मामले आए थे। जो राजस्व से संबंधित थे। किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी पंकज सिंह, एसओ विशाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह सहित अनेक राजस्व कर्मी और पुलिस के लोग मौजूद थे।

श्री श्री 108 रामेश्वर दास जी महात्यागी के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक अंतर्गत क्षेत्र ग्राम पंचायत अमटौरा गांव के रामायण सिंह उर्फ श्री श्री 108 रामेश्वर दास जी महात्यागी के हृदयाघात से आकस्मिक निधन होने पर क्षेत्र वासियों में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का अमटौरा गांव में तांता लग गया। बताते चलें कि अमटौरा गांव निवासी रामायण सिंह उर्फ श्री श्री 108 रामेश्वर दास जी महात्यागी (59) पुत्र स्व रामलखन सिंह का शुक्रवार की रात जूना पानी धाम, खरगोन, म प्र में अकस्मात हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन का समाचार प्राप्त होते ही गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धांजली देने वाले उमड़ पड़े।

रामायण सिंह उर्फ श्री श्री 108 रामेश्वर दास जी महात्यागी काफी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे, गांव सहित क्षेत्र में इनकी काफी ख्याति रही। विगत कई वर्षों से यह म प्र के खरगोन जिले के जूना पानी धाम में आश्रम बनाकर वहीं रहा करते थे। वर्ष में कई बार यह अपने गांव अमटौरा में आते-जाते रहते थे। इनके आते ही समर्थकों का जमावड़ा लग जाता था। यह अपने पिता की पांच संतानों में सबसे छोटे थे। इनकी मृत्यु पर अग्रज उग्रसेन सिंह, भानु प्रताप सिंह, शिव शंकर सिंह, मनीष पांडेय, समरपाल सिंह, प्रभाकर सिंह, धीरज साहनी, अशोक सम्राट, राजेश सिंह, रवि प्रकाश सिंह इत्यादि ने शोक संवेदना प्रकट की।

एक बार फिर प्रदेश में अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने लहराया परचम

प्रदेश में 33 वीं रैंक हासिल कर अधीक्षक समेत चिकित्सकों ने जाहिर की प्रसन्नता

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के बहुचर्चित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली ने ऑपरेशन कायाकल्प में खिताब हासिल करते हुए एक बार फिर से समूचे उत्तर प्रदेश में 33वां स्थान प्राप्त किया वही जनपद में चौथा स्थान मिलने पर चिकित्सकों ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए प्रसन्नता जाहिर की अस्पताल की साफ-सफाई वृक्षारोपण सौंदर्यीकरण कायाकल्प का एक अद्भुत प्रदर्शन कार्यरत चिकित्सा अधिकारी डाक्टर पुष्कर कटियार चिकित्सक एवं कर्मचारियों द्वारा अनवरत किया गया जहां समय-समय पर स्वास्थ्य कैंप मेला हरित क्रांति वृक्षारोपण कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं अन्य व्यवस्थाएं संचालित की गई जिसका आंकड़ा लेते हुए प्रदेश सरकार ने अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को समूचे प्रदेश में 33वां स्थान प्रदान किया चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने गदगद स्वर में उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने सहयोगी चिकित्सक कर्मचारियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं चिकित्सालय परिसर में सभी चिकित्सकों स्टाफ नर्स आशा कार्यकत्रियों वार्ड बॉय एवं अन्य कर्मचारियों ने भी हर्षोल्लास मनाते हुए गौरवान्वित होकर पुष्पमाला से अपने अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार का भव्य स्वागत किया इस मौके पर अस्पताल परिसर के चिकित्सक एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे

जहरीला पदार्थ खाने से दिव्यांग की मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के शहीद जेठू नगर (ठरार्पार) निवासी दिव्यांग लक्ष्मण मौर्य ने शनिवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसने स्वजनों को बताया कि- सल्फास की गोली उसने घोलकर पी ली है। आनन-फानन में उसे नजदीक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार में भर्ती कराया गया, जहां से डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां हालत में सुधार होता न देख से बी आर डी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

नाली साफ करने के विवाद को लेकर महिला को पीटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के दक्षिणी कोलीया निवासी रायता देवी पत्नी राम आशीष घर के सामने नाली साफ कर रही थी। उसी बात को लेकर पड़ोसी लाठी डंडा से लैस होकर गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और मगलसुत्र झाली तोड़ दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने हरि दर्शन साहनी, हिमाशु उर्फ आशिक निषाद ज्योति के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी, तोड़फोड़ का केस दर्ज कर लिया है।

सीतापुर में भेड़िए ने किशोरी को किया जख्मी

- घर के बाहर खड़ी थी, ग्रामीणों ने खदेड़ा, रात में दुकान के पास चहलकदमी करता दिखा

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में भेड़िए का आतंक लगातार जारी है। बीती रात जंगली जानवर ने घर के बाहर खड़ी एक किशोरी पर हमला बोल दिया और पैर के एक हिस्से को काटकर जख्मी कर दिया। ग्रामीणों के शोरगुल के बाद भेड़िया गांव से बाहर निकलकर कस्बे में मिठाई की दुकानों के सामने भागता हुआ दिखाई पड़ा। भेड़िए को देखकर ग्रामीणों ने शोरगुल मचाकर उसे मौके से भगा दिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम कांबिंग करते हुए ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। मामला लहरपुर कोतवाली इलाके का है। यहां के मोहल्ला नबीनगर में भेड़िए ने एक किशोरी पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। भेड़िया के हमले में घायल पूनम ने बताया कि देर रात वह घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान भेड़िए ने उसे पर हमला कर उसके पैर के हिस्से को नोच लिया। बेटी के चीखने-चिल्लाने पर मां शोर मचाते हुए बाहर पहुंची तो भेड़िया मौके से फरार हो गया। गांव में किशोरी पर हमले के बाद भेड़िया देर रात कस्बे में पहुंचा और मिठाई की दुकानों के सामने चहलकदमी करते हुए नजर आया। इस दौरान दुकानदारों ने शोरगुल मचाकर भेड़िए को कस्बे की आबादी से दूर भगा दिया और मामले की सूचना वन विभाग को दी।

सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम इलाके में कांबिंग करते हुए ग्रामीणों को सतर्क और बचाव के लिए जागरूक कर रही है।

बलरामपुर और सिद्धार्थनगर को जोड़ने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त

पुल का अप्रोच धंसने से हुए गढ्ढे, लोग बोले-मरम्मत नहीं कराने पर आवागमन बंद हो जाएगा

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, बलरामपुर के परसा पुरैना के पास स्थित पुल के दोनों तरफ का अप्रोच लगातार धंस रहा है। जिससे लोगों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। सड़क के लगभग एक किलोमीटर तक का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। यह मार्ग बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जिलों को जोड़ता है और इससे होकर प्रतिदिन हजारों लोग आते-जाते हैं। मामला बलरामपुर के सदर विकासखंड के बेल्हा गौरा चौराहा मार्ग का है। यहां परसा पुरैना के पास पुल के दोनों तरफ का अप्रोच धंसने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। स्थानीय निवासी अमन मिश्रा और प्रशांत कुमार ने बताया कि यह स्थिति काफी दिनों से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बाढ़ के पहले ही पुल के दोनों तरफ का अप्रोच धंस गया था और बारिश के कारण सड़क के दोनों किनारों की मिट्टी बह गई। जिससे लोगों को सड़क पर चलने में भारी दिक्कत हो रही है। इस मार्ग पर बड़े वाहन भी चलते हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग बलरामपुर, इटवा और बिस्कोहर को जोड़ता है और गौरा चौराहा से होते हुए हजारों लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। लेकिन पुल के अप्रोच धंसने से लगभग 30 गांवों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों बड़े वाहनों का आना-जाना होता है, लेकिन वर्तमान स्थिति के कारण हादसों का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि अगर तेज बारिश और बाढ़ आई तो यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो सकता है। इस मार्ग की मरम्मत में हो रही देरी से स्थिति और गंभीर हो सकती है। सड़क के किनारे की मिट्टी और पुल के अप्रोच की मिट्टी बारिश में बह गई है, जिससे अप्रोच के दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। अगर समय रहते इसे सही नहीं किया गया तो आवागमन पूरी तरह ठप हो सकता है और बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो सकते हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि मामला संज्ञान में आया है।

जो भी मार्ग और पुल के अप्रोच धंसे है। उसको सही कराया जाएगा।

ओबरा में अतिक्रमण हटाने पहुंचे कर्मचारियों के साथ मारपटी

- सुपरवाइजर हुए घायल, बोले- पहले से सभी को दिया गया ता नोटिस

अमन लेखनी समाचार

ओबरा, सोनभद्र के ओबरा नगर पंचायत क्षेत्र में राम मंदिर कॉलोनी में सार्वजनिक जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर एक अप्रत्याशित घटना सामने आई। नगर पंचायत कर्मियों द्वारा जेसीबी मशीन के जरिए अतिक्रमण हटाने के प्रयास के दौरान अतिक्रमणकारियों ने नगर पंचायत के कर्मियों के साथ हाथापाई की। इस घटना में नगर पंचायत के सुपरवाइजर जितेंद्र शुक्ल गंभीर रूप से घायल हो गए। नगर पंचायत ओबरा के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक जमीन पर हो रहे अतिक्रमण के बारे में शिकायत मिलने के बाद अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस भेजा गया था। नोटिस के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो नगर पंचायत ने जेसीबी मशीन के माध्यम से अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। लेकिन जैसे ही कार्य शुरू हुआ, अतिक्रमणकारियों ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। अधिशासी अधिकारी ने यह भी बताया कि नगर पंचायत कर्मियों द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ पुलिस में लिखित शिकायत दी गई है

खुर्जा में रुक-रुककर हो रही बारिश बनी आफत

मकान गिरने से लाखों का सामान दबा, एक मवेशी की भी मौत

अमन लेखनी समाचार

खुर्जा, बुलंदशहर में पिछले कुछ दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया है। वहीं बारिश अब राहत की जगह आफत लेकर आ रही है। खुर्जा क्षेत्र में देर रात से हो रही बारिश के चलते 33/11 की लाइन में फाल्ट हो गया है। जिसके चलते समूचे एरिया की लाइट गायब है। वहीं शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के अहमदगढ़ के गांव सालाबाद में मकान की नींव गिर गई। जिसकी चपेट में आकर एक पशु की मौत हो गई, वहीं मकान स्वामी को लाखों का नुकसान हुआ है। जिले में पिछले दो से तीन दिनों से रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है। वहीं बारिश से अब राहत की जगह आफत सामने आ रही है। खुर्जा तहसील से दर्प बिजली घर में 33/11 की लाइन में देर रात फाल्ट होने से लगभग 100 से 150 गांव की बिजली पूरी तरीके से गुल हो गई है। इसके चलते नौकरी पेशा लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सालाबाद में मकान की नींव में पानी भरने से मकान जमींदोज हो गया। मकान स्वामी लोकेश कुमार ने बताया कि 5 साल पूर्व भी उसने मकान बनाया था। मकान के मलबे की चपेट में आकर एक पशु की मौत हो गई है

मेरठ में पत्नी को पति ने दूध में दिया जहर

- दूसरी शादी का विरोध करने पर की मारने की साजिश, आरोपी परिवार सहित फरार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित किदवई नगर में दूसरी शादी का विरोध कर रही पत्नी को आरोपी पति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर दूध में जहरीला पदार्थ पिला दिया। जिसके बाद पति अपने परिवार के साथ मौके से फरार हो गया। विवाहिता की हालत बिगड़ने पर पड़ोसियों ने घटना की जानकारी विवाहिता के मायके वालों को दी। पीड़िता का एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। मुजफ्फरनगर की रहने वाली निषाद की शादी 15 साल पहले किदवई नगर के रहने वाले आसिफ के साथ हुई थी। विवाहिता निषाद की मां नईमा ने बताया कि निषाद का पति आसिफ शादी के कुछ समय बाद से ही उसका उत्पीड़न करने लगा था। विवाहिता की मां ने बताया कि आसिफ ने 3 महीने पहले एक अन्य महिला से दूसरी शादी कर ली। जानकारी मिलने पर निषाद पति आसिफ का विरोध करने लगी। कुछ दिन पहले मामले में एक पंचायत भी बैठाई गई थी। विवाहित निषाद की मां नईमा का आरोप है कि देर रात निषाद का पति से दूसरी पत्नी को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते आसिफ ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर पत्नी निषाद को दूध में जहरीला पदार्थ दे दिया। इस दौरान परिवार के लोग मौके से फरार हो गए। पीड़ित का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पीड़ित परिवार ने आरोपी पति और उसके परिवार वालों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

संक्षेप

बेखौफ चोरों ने खड़े ट्रक का तिरपाल काटकर, लाखों रुपये का कीमती बरजर पेंट किया चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में शुक्रवार रात बेखौफ चोरों ने खड़े ट्रक का तिरपाल काटकर करीब 2 लाख रुपये कीमत का बरजर पेंट चोरी कर लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ट्रक चालक ने मामले की सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। पुलिस तहरीर लेकर जाँच पड़ताल कर रही है। सरोजनीनगर के गौरी बाजार स्थित देवलोक कॉलोनी निवासी ट्रक चालक ब्रजेश सोनकर के मुताबिक वह शुक्रवार देर शाम संडीला से अपने ट्रक में बर्जर पेंट के कार्टून लादकर सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था। तभी उसके ट्रक का टायर फट गया। जिसकी वजह से उसने कानपुर रोड किनारे गाड़ी खड़ी कर दी और ट्रक में ही सो गया। बृजेश का कहना है कि सुबह जब उसने देखा तो ट्रक का तिरपाल कटा होने के साथ ही करीब 2 लाख रुपये कीमत का माल गायब मिला। उसने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। सरोजनीनगर थाना प्रभारी राजदेव राम का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

थाना समाधान में आई दो शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाने में आयोजित माह के प्रथम समाधान दिवस में कुल दो शिकायतें पंजीकृत की गई। इसमें एक शिकायत का निस्तारण आपसी सहमति बनने पर मौके पर कर दिया गया। शनिवार को थाने में आयोजित समाधान दिवस थानाध्यक्ष राकेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल दो शिकायतें आई। इनमें एक शिकायत का समाधान हो गया है। इस मौके पर सभी चौकी इंचार्ज, हलका इंचार्ज व राजस्व कर्मी आदि मौजूद रहे।

दुकानदार ने भतीजे संग ग्राहक को पीटा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पचखुरा बुजुर्ग में दुकान में सामान लेने गए युवक को दुकानदार ने भतीजे के साथ मिलकर जमकर पीटा। पचखुरा बुजुर्ग निवासी राजेंद्र पाल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि वह पड़ोस में रखी परचून की दुकान में सामान लेने गया था। तभी दुकानदार अनुज ने अपने भतीजे रामपाल के साथ मिलकर दुकान के अंदर बंद करके लात जूतों से जमकर पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुरानी की जगह नई रास्ता बनाने पर लोगों ने ठप कराया कार्य

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड संख्या 8 गुरगुज थोक में पुरानी रास्ता की जगह नई रास्ता बनाए जाने से नाराज वार्ड के वाशिंदों ने कार्य ठप करा दिया है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही है। यहां के वाशिंदों ने व्यक्ति विशेष पर पक्षपात करके कार्य कराने का आरोप लगाया है। कस्बे के वार्ड संख्या 8 गुरगुज थोक में फरहान टावर के पीछे वाली गली में सीसी मार्ग का निर्माण नगर पंचायत की ओर से कराया जा रहा है। यह रास्ता एक जगह से सीधे सागर हाईवे से जुड़ता है। वार्ड के लोगों का आरोप है कि पुरानी रास्ता को बंद कर नई रास्ता बना रहे हैं। इसका विरोध होने पर कार्य ठप करा दिया गया है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य का कहना है कि मामला संज्ञान में है। मंगलवार को वह मौके पर जाकर समस्या का समाधान करेंगे। सभासद अनीस वाल्मीकि ने बताया कि रास्ता निर्माण में आ रही समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है? जल्द ही समस्या का समाधान होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने वार्ड के लोगों के आरोपो को खारिज करते हुए कहा कि बिना किसी भेदभाव के कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

मदरिया मल्लाह टोली का मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हुआ

नदी किनारे भूस्खलन से आधी सड़के नदी में समा गई

अमन लेखनी समाचार

बिहार दरभंगा मदरिया गांव के मल्लाह टोली से प्रखंड मुख्यालय को जाती मुख्य सड़क का निर्माण पांच वर्ष पहले प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत तैयार हुआ था। पंचखुटी मोड़ से मदरिया होते हुए ताराडीह प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्यतः दो सड़कें हैं। एक बौनू चौक से कटमासी के रास्ते बैका मिडिल स्कूल में मिलती है। दूसरी सड़क जो मदरिया मल्लाह टोली से नदी किनारे ताराडीह प्रखंड को जाती है। लगभग पांच वर्ष पूर्व इन सड़कों का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत हुआ था। इसके निर्माण में लाखों रूपए फूंक दिए गए। सड़क निर्माण में जिन मानकों को तय किया गया था वह सब सिर्फ कागजों में ही दर्ज.है। हकीकत यह है कि सड़क जगह-जगह टूट चुकी है। नदी किनारे अनेक जगहों पर भूस्खलन होने से आधी सड़क नदी में समा गई है। किसी तरह चारपहिया वाहन गुजर जाती है। वहीं बैका मिडिल स्कूल के निकट सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।

सबसे खराब अवस्था मदरिया के मल्लाह टोली की है, जहां चापाकल से हजारों लीटर पानी निकल कर मुख्य सड़क पर जमा हो जाता है। मदरिया के मल्लाह टोली का मुख्य सड़क पूर्व और पश्चिम को जोड़ने का एक मात्र साधन है। जो दरभंगा मुख्यालय को भी जोड़ती है। इस राह से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। सड़क के बीचोंबीच बारहों महीने पानी जमा रहने से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे विद्यालय जाते हैं। जहां स्कूल वैन पलटनें की संभावना हमेशा बनी रहती है। फिर भी लोग इस जोखिम भरे मार्ग से चलने को विवश है। आए दिन अनेक दुर्घटना घटित हुई है। गनीमत है कि अबतक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सवाल यह है कि जबतक कोई अप्रिय घटनाएं न घटित हो तब-तक सरकार आंखें बंद रखेगी? पंचखुटी मोड़ से लगभग चार किलोमीटर किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में लाखों रूपए खर्च किए गए हैं। अभिलेखों में दर्शित रखरखाव और नाली प्रबंधन हेतु लाखों रुपए निर्गत किए गए फिर भी मदरिया का मुख्य सड़क जलजमाव के कारण डोबरे में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों की मानें तो सड़क निर्माण में भारी घोटाला किया गया है। सड़क निर्माण हेतु तय मानकों का अनुपालन बिल्कुल नहीं किया गया है। रखरखाव और संरक्षण के लिए आबंटित लाखों रुपए की राशि का भी कहीं कोई अता-पता नहीं है।

गड्ढों में मिट्टी भराई से तत्काल इस समस्या से निजात मिल सकती थी। दादपट्टी के अर्जुन चौधरी ने बताया कि पर्व त्यौहार के मौसम में सड़क का खस्ताहाल होना चिंताजनक है। मंत्री-संतरी से लेकर संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई पर अभी तक किसी ने कोई जवाब नहीं दिया।

ग्रामीणों में सड़क की माली हालत को लेकर गहन आक्रोश पैदा हो रहा है। जिस तरह से विभाग चुप्पी साध ली है, उससे नहीं लगता है कि दुर्गा पूजा में भी सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण होगा। जिला परिषद लाल सिंह और स्थानीय विधायक मिसरी लाल यादव और गांव के मुखिया को इस बाबत सूचना दी गई है पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं होने से आमलोगों का आक्रोश गहराता जा रहा है। मदरिया गांव विकास के मामले में निरंतर उपेक्षा की मार झेल रहा है।

हिंदी दिवस पर हिंदी भाषा के महत्व में की गई विशेष चर्चा

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। फतेहपुर में विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद फतेहपुर में हिंदी दिवस पर मूर्धन्य विद्वानों ने हिंदी के प्रति अटूट प्रेम दिखाते हुए सभी लोगो को हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने पर जोर दिया मीडिया टीम से बात करते हुएं वहा के हिंदी के विषय विशेषज्ञ संजीव तिवारी ने कहा कि साल 1953 में, पहली बार 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया गया था। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व और प्रसार को बढ़ावा देना था। राजभाषा आयोग ने इस दिन को मनाने का विचार प्रस्तुत किया था। इसका उद्देश्य हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करना था।14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।1953 से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। वही हिंदी के मूर्धन्य अध्यापक शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि हिंदी देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। संविधान में हिंदी को प्रमुख स्थान दिया गया है और इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने की बात कही गई है। हिंदी देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच बात चीत करने की प्रमुख भाषा है। हिंदी दिवस का महत्व हिंदी भाषा को बढ़ावा देने में है।यह दिवस हमें हिंदी की विरासत की याद दिलाता है। भारत में हिंदी साहित्य का भी बहुत बड़ा योगदान है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक हिंदी साहित्य ने समाज को दिशा दी है। कबीर, तुलसीदास, प्रेमचंद, महादेवी वर्मा और अन्य लेखकों और कवियों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व के विषय में बताया गया

दोस्तों के बीच नोकझोंक में हुई फायरिंग से दो दोस्त घायल

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जनपद के राठ नगर के उरई बस स्टैंड की नहर के पास बगिया में गोली चलने से दो युवक घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। एक युवक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। आरोपी युवक बिच्छू गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं। जरिया थाना क्षेत्र के कछवाकलां गांव निवासी नितिन राजपूत पुत्र रूप कुमार ने बताया है कि वह शनिवार को बीए का पेपर देकर उरई से लौट रहा था। तभी कुर्रा गांव निवासी मोंटी ने फोन करके उसे उरई बस स्टैंड नहर के पास राम बाग में बुलाया। यहां पर पहले से गुटक्वारा निवासी नितेंद्र तथा जरिया थाने के छिबौली गांव के दीपक के साथ मोंटी मौजूद था। इसी दौरान हुई नोकझोंक में तमंचे से हुये फायर से नितिन राजपूत और नितेंद्र घायल हो गए। गोली नितिन के बाएं हाथ की कलाई व नीतेंद्र के बाएं हाथ की भुजा में लगी है। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां नितिन राजपूत की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जबकि नितेंद्र का उपचार सीएचसी में किया जा रहा है। घायल नितेंद्र ने बताया कि नगर के बाराखंबा मोहल्ले में किसी से मोंटी का विवाद हो गया था। इसको लेकर मोंटी ने सभी को नहर के पास फोन करके बुलाया था। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। मामले की जांच की जा रही है।

68 वी क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विकास विद्या मंदिर का अंडर 17 वा अंडर 19 में रहा दबदबा

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत जहानाबाद कस्बे में 68वीं क्षेत्रीय क्रिकेट टूनामेंट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से हुआ यह प्रतियोगिता का आयोजन जहानाबाद क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यालय विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जहानाबाद वा सी के पब्लिक इंटर कॉलेज के सौजन्य से किया गया जिसमें शनिवार को अंडर 17 व अंडर-19 के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें क्रिकेट मैच का उद्घाटन सी के पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरजा शंकर और विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम ने सरस्वती पूजन से किया इस मौके पर सभी जोन के उपस्थित अध्यापकों और टीम इंचार्ज को बैच लगाकर स्वागत किया गया साथ ही अंपायर को टोपी पहनकर सम्मानित किया गया पहले मैच में विकास विद्या मंदिर ने अंडर 17 में आदर्श स्कूल को पराजित किया और दूसरे मैच में सी के पब्लिक इंटर कॉलेज ने अंदर-19 के मैच में गांधी को चार रन से हराया जहां अंडर-19 में सी के पब्लिक फाइनल में पहुंचा अंडर 17 में विकास विद्या मंदिर और गांधी इंटर कॉलेज का फाइनल हुआ जिसमें विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अंडर 17 में 7 विकेट से विजई हुआ और वही शाम को अंदर-19 में विकास वा सी के पब्लिक इंटर कॉलेज के बीच घमासान क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें विकास विद्या मंदिर ने उपविजेता टीम सी के पब्लिक स्कूल से 34 रन से विजई हुआ इस प्रतियोगिता में अंडर-19 में प्रतिभाग करने वाले टीम में सी के पब्लिक इंटर कॉलेज, विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ज्ञानदीप इंटर कॉलेज ,आदर्श इंटर कॉलेज, शहीद माल्टा इंटर कॉलेज, मुसाफा इंटर कॉलेज भगवान दीन इंटर कॉलेज रहे इस मौके पर विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के संचालक विवेक उत्तम ,प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम,क्रीड़ा शिक्षक हिमांत किशोर श्रीवास्तव ,शिवम प्रभास वही सी के पब्लिक इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ,शिखर पटेल ,बलराम ,शतेंद्र सहित कई विद्यालय के जोन प्रभारी वा टीम मौजूद रहे सभी लोगो ने विजई विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज टीम को जीत की बधाई एवम शुभकामनाएं दी

मातृभाषा भाषा दिवस पर नौनिहालों ने दिखाएं करतब

हर्षोल्लास मनाते हुए विद्यालय में संपन्न हुई प्रतियोगिताएं

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के सभी विकास खण्डों अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में मातृभाषा हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जनपद के देवमई विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में कार्यरत अध्यापिका कल्पना गौतम मृदुला तिवारी आदि की अगुवाई में हिंदी दिवस का महत्व बच्चों ने पूर्ण रूप से पहचाना विद्यालय अंतर्गत बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता एवं हिंदी भाषा कविता हिंदी स्लोगन की प्रतिभागिता कराई गई जहां प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों ने अपने-अपने करतब दिखाते हुए शिक्षकों का हृदय जीत लिया वहीं शिक्षकों के बीच नौनिहाल बच्चों ने मिशन शक्ति संबंधित गतिविधियों को संपन्न की उपस्थित शिक्षिका कल्पना गौतम एवं मृदुला तिवारी ने बच्चों को भारत वर्ष की मातृभाषा हिंदी के विषय में विस्तृत वर्णन करते हुए समझाया जहां कौतूहल पूर्ण ढंग से बच्चों ने अपने गुरुजनों की एक-एक बात को सुनते हुए अंत में भारत माता की जय के जयकारे लगाते हुए समूचे परिसर को गुंजायमान कर दिया वही हिंदी दिवस कार्यक्रम के पश्चात शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया जहां बच्चों ने आगामी मीना के जन्मदिन की तैयारी प्रारंभ कर दी इसी प्रकार जनपद के अन्य विकासखंड अमौली खजुहा मलवा हसवा ललौली इत्यादि क्षेत्र में भी सभी प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी दिवस का अद्भुत प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया

बेतवा यमुना केन की बाढ़ से एक दर्जन से अधिक पंचायतें प्रभावित

बाढ की तबाही से सड़के क्षतिग्रस्त फसलें जलमग्न

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बेतवा यमुना केन के खतरे के निशान पर पंहुचने से सुमेरपुर ब्लॉक की एक दर्जन से ज्यादा पंचायतों में तबाही शुरू हो गई है। सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ सैकड़ो किसानों की ज्वार, उरद, मूंग, तिल आदि की फसलें जलमग्न होकर सड़ने लगी हैं। किसानों ने आशंका जाहिर की है कि बाढ़ के पानी से करोड़ों रुपए की खरीफ की फसलें नष्ट होने की संभावना है। सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र की दर्जनों पंचायतें बेतवा यमुना केन नदी की हद में आबाद हैं। इन तीनों नदियों में बाढ़ आते ही इन पंचायतों के वाशिंदों का संकट बढ़ जाता है। बेतवा का जलस्तर बढ़ने से मोराकांदर, कुम्हऊपुर, पौथिया, बरदहा सहजना, कलौली तीर, हेलापुर, अमिरता, चंदौखी, टिकरौली, पारा ओझी, बड़ागांव, दरियापुर, कुंडौरा आदि के किसानों की फसलें प्रभावित होती हैं। इसी तरह यमुना नदी को बाढ़ से पत्योरा, सुरौली बुजुर्ग, बड़ा कछार, बरुआ, भौंरा में किसानों की फसलें जलमग्न हुई हैं। वहीं केन नदी का पानी चंद्रावल नदी में घुस आने से कैथी के किसान धर्मदास की 12 बीघा, अशोक खरे की 20 बीघा, रामचरण की 30 बीघा, उमाशंकर की 15 बीघा खरीफ की फसल नष्ट हुई है। इसके अलावा अन्य किसानों को भी चपत लगी है। चंद्रावल नदी की बाढ़ से मौहर, अतरैया, अतरैया डेरा, धुंधपुर आदि के किसानों का भी नुकसान हुआ है। वही मौहर कैथी के मध्य सड़क में पानी भर जाने से दो माह पूर्व बनी सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन ठप हो गया है। बारिश और बाढ़ ने क्षेत्र मे तबाही के संकेत देने शुरू कर दिये हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए शिक्षक कानपुर रिफर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजौली मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन ने लगभग 46 वर्षीय शिक्षक संजय प्रजापति पुत्र मैकूलाल निवासी गांगपुर को भीषण टक्कर मार दी साइकिल सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए जहां राहगीरों ने हालत गंभीर देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना पाते ही पहुंची चांदपुर पुलिस प्रशासन ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली उपचार के लिए भेजा जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने शिक्षक को कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक संजय प्रजापति नजदीकी कौंह डिग्री कॉलेज में कार्यरत है जो सुबह लगभग 8 बजे साइकिल द्वारा अपने महाविद्यालय जा रहे थे खबर लिखते समय तक शिक्षक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सियार के हमले से घायल बच्चियों की पड़ताल कर वनाधिकारी ने मामले का किया पटाक्षेप

सियार से नहीं बल्कि लोमड़ी से घायल हुयी थी बच्चियां अब पूर्णतया स्वस्थ

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे में सियार द्वारा दो बच्चियों को घायल कर देने की खबर का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय वनाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल के बाद बताया कि उक्त बच्चे सियार से नहीं बल्कि लोमड़ी के द्वारा घायल हुए हैं। उन्होंने कहां कि लोमड़ी से जान का खतरा नहीं है फिर भी सावधानी के तहत छोटे बच्चों को अकेला न छोड़े। बताते चलें कि कस्बे के वार्ड 17 हैदरगंज में सियार द्वारा दो बच्चियों को घायल करने की सूचना मिली थी। जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी एके श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय वनाधिकारी को मौके पर भेजकर जांच पड़ताल की गयी। बताया कि एक जानवर द्वारा शाजिया परवीन पुत्री जलील अहमद निवासी वार्ड 17 हैदरगंज नल से पानी भरने गयी थी, तभी झाड़ियो से निकलकर किसी जानवर ने दाहिनें पैर मे नीचे काट लिया था। दूसरी बच्ची जो अपनी मां के साथ बैठी हुयी थी, उसको पीछे से पकड़कर झपट्टा मारा जिसमे पीठ के निचले हिस्से मे दांत के निशान पाये जाने पर उनका इलाज सीएचसी मौदहा मे कराया गया। अब दोनों बच्ची स्वस्थ हैं। जांच के दौरान जानवरों की पहचान कराने पर लोमड़ी की पुष्टि की गयी है। सावधानी के तौर पर लोगों से अपील की गयी है कि अपने छोटे बच्चो को अकेला न छोड़े। लोमड़ी से जान का खतरा नही है, लेकिन इन्सानों को अचानक देखकर हमला कर देती है। इस तरह से क्षेत्र में सियार होने से मचे हडकंप को विराम देते हुये प्रभागीय वनाधिकारी ने उक्त मामले से मुख्य वन संरक्षक झांसी, वन संरक्षक बांदा को अवगत कराया है।

जनपद के थानो पर किया गया समाधान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी समाधान दिवस के अवसर पर जनपद अमेठी के थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना शिवरतनगंज व इन्हौना पर उपजिलाधिकारी तिलोई व क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा, थाना संग्रामपुर पर उपजिलाधिकारी अमेठी व क्षेत्राधिकारी लल्लन सिंह द्वारा, थाना मुंशीगंज पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज व क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा एवं जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा राजस्व टीम के साथ थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सम्बन्धित को संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आज भादर ब्लॉक के त्रिशुंडी ग्राम सभा में ब्लॉक प्रमुख प्रवीण सिंह भादर द्वारा पोषण उत्सव एवं जन जागरूकता रैली निकालकर ग्राम सभा के सभी महिलाओं को स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक खान पान के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह पूरे कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य सेविका सीमा सिंह व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आज आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें गर्भवती महिलाओं का वजन व स्वास्थ्य जांच किया गया तथा बच्चों का टीककरण किया गया।

थाना समाधान दिवस पर रामगंज में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

अमेठी शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रामगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए।

धूमधाम से निकाली गई हजरत मुख़्तार बाबा के उर्स की चादर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। कस्बे में धूमधाम से निकाली गई हजरत मुख़्तार निजामी के उर्स की चादर शरीफ।

कस्बे के मुहल्ला हुसैनगंज स्थित प्रसिद्ध सूफी संत व हजरत बाबा निजामी कम्हरिया के खलीफा हजरत मुख़्तार अहमद निजामी र०अ० का सातवां सालाना उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया जा रहा है। उर्फ में बृहस्पतिवार को देर रात आस्ताने में ईद-मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया और शुक्रवार को सुबह कुरानख्वानी हुई और दिन में ग्यारह बजे फातिहा के बाद पूरा दिन लंगर खिलाया गया। इसी दौरान बाद नमाज असर बाबा के पैतृक मकान से गाजे बाजे के साथ धूमधाम से चादर निकाली गई जो मोहाल भ्रमण कर आस्ताने में पेश की गई। जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंद उपस्थित रहे। वही देर रात महफिल खाना में शानदार कव्वालियों का आयोजन हुआ, जिसमें उन्नाव से आए कव्वाल मोईन ताज ने शानदार कव्वालियों प्रस्तुत की। इसी तरह आज भी सुबह फातहा के बाद लंगर और रात में शानदार महफिल-ए-कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। उर्स के दौरान बाबा के सज्जादानशीन गफ्फार अहमद निजामी व हाजी इफ्तिखार अहमद निजामी आस्ताने में मौजूद रहे। उक्त जानकारी उर्स कमेटी के अध्यक्ष हसन निजामी ने दी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

ट्विंकल संग शादी के बारे में कभी नहीं सोचा था

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार ने अपने अब तक के करियर में तमाम हिट फिल्में दी हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों से एक्टर अपनी प्रोफेशनल लाइफ में काफी चुनौतियों का सामना कर रहे है बावजूद इसके वे फैंस के दिलों पर राज करते हैं। वहीं अक्षय अपनी पर्सनल लाइफ में काफी खुश हैं। उन्होंने एक्ट्रेस टर्न राइटर ट्विंकल खन्ना से शादी की है और इनकी मैरिड लाइफ को 23 साल हो गए हैं। शादी के इतने साल बाद भी अक्षय और ट्विंकल अक्सर रोमांस करते हुए कपल गोल सेट करते नजर आते हैं। हालांकि, अक्षय ने कभी नहीं सोचा था कि वह भारतीय सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना की बेटी ट्विंकल खन्ना से शादी करेंगे।

लाइफ Style

कंगना

शूटिंग के बीच सैफ अली खान पर भड़की थीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर सैफ अली खान अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच हम आपके लिए एक्टर का वो किस्सा लेकर आए हैं। जब कंगना रनौत ने उन्हें भरे सेट पर डांट दिया था। दरअसल सैफ अली खान और कंगना रनौत एक साथ फिल्म 'रंगून' में काम किया था। जो साल 2017 में रिलीज हुई थी।

इस फिल्म में सैफ और कंगना के साथ शाहिद कपूर भी नजर आए थे। हालांकि, तीन बड़े स्टार होने के बावजूद भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिटी थी। लेकिन इसके सेट पर कुछ सैफ और कंगना के बीच कुछ ऐसा हुआ था। जो आज भी याद किया जाता है। दरअसल जब दोनों एक सीरियर सीन की शूटिंग कर रहे थे तो सैफ काफी फनी फेस बना रहे थे। जिसे देख कंगना अपना आपा खो बैठी और सैफ पर भड़क उठी। कंगना ने सैफ पर गुस्सा करते हुए कहा कि, 'ये क्या है सैफ, हम एक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, इसे जरा सीरियली लीजिए। मजाक मत कीजिए, ये जरूरी सीन है।'

खबरों के अनुसार कंगना और सैफ के बीच विवाद ना बढ़े, इसलिए डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने आकर बीच-बचाव किया। साथ ही कंगना को समझाया कि सैफ सिर्फ मजाक कर रहे थे। बता दें कि कंगना रनौत इन दिनों अपनी फिल्म 'इमरजेंसी'को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जिसमें वो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। वहीं सैफ अली खान बहुत जल्द जाह्नवी कपूर और जूनियर एनटीआर के साथ साउथ की फिल्म 'देवरा'में नजर आएंगे। जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया है।

हॉलीवुड मसाला

'वेनम-द लास्ट डांस' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिल्स। 'वेनमः द लास्ट डांस' का नया रोमांचकारी ट्रेलर रिलीज हो गया है। टॉम हार्डी अपनी एंटी-हीरो गाथा की तीसरी किस्त में एडी ब्रॉक के रूप में वापस आ गए हैं। इस किस्त के साथ फ्रेंचाइजी का समापन हो जाएगा, जिस कारण दर्शकों के बीच इस किस्त के लिए और उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में सिंबियोट्स एक रहस्यमय प्राणी से भाग रहे हैं। टॉम हार्डी का एडी ब्रॉक यात्रियों से भरे विमान में एक एलियन जैसे राक्षस से लड़ता है और बाद में वेनम ब्रॉक को बताता है कि एलियन को उसके मालिक ने भेजा था।

वीर दास होस्ट करेंगे एमी अवॉर्ड 2024

मुंबई। अपनी कॉमेडी और एक्टिंग से फेमस वीर दास ने फैंस को एक ऐसी गुड न्यूज सुनाई है कि सभी खुशी से झूम उठेंगे। वो न्यूयॉर्क में होने वाले इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड को होस्ट करेंगे। ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय हैं। उन्होंने सभी का आभार जताया है और अपनी एक्साइटमेंट भी जाहिर की है। दीपिका पादुकोण से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, कई बॉलीवुड हस्तियां कान फिल्म फेस्टिवल से लेकर ऑस्कर तक में शिरकत कर भारत का मान बढ़ाती हैं। अब कॉमेडियन-एक्टर वीर दास ने भी सभी का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। वो इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड शो 2024 को होस्ट करेंगे और ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए आभार जताया और कहा कि वो बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं। वीर ने स्टैंड-अप कॉमेडी में अपना करियर शुरू किया। भारत और विदेशों में कई जगहों पर परफॉर्म किया।

किंग खान की लकी चार्म हैं दीपिका

मुंबई। सुपरस्टार शाहरुख खान के दिल की रानी उनकी वाइफ गौरी खान हैं। लेकिन, फिल्मों को लेकर लकी चार्म वो गौरी को नहीं, बल्कि इस एक्ट्रेस को मानते हैं, जिनके साथ कई हिट दी हैं। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की पिछले कई सालों से बैक टू बैक फिल्में फ्लॉप हो रही थीं लेकिन 'पठान' (2023) से उनकी जबरदस्त वापसी हुई। इस फिल्म में उनकी लीड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ही थीं और फिल्म की ऐसी कामयाबी का श्रेय शाहरुख ने दीपिका को दे दिया था। फिल्म पठान की सक्सेस के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें शाहरुख खान ने दीपिका के लिए कहा था, 'मेरे लिए घर पर मेरी लकी चार्म मेरी वाइफ गौरी और बच्चे हैं। वहीं, फिल्मों में मेरी लकी चार्म दीपिका हैं। पिछले कई सालों से मैं फिल्मों में कुछ एक्सपेरिमेंट कर रहा था, लेकिन सफल नहीं हुआ फिर दीपिका मेरे साथ 'पठान' करने को तैयार हुईं और रिजल्ट आपके सामने है।'

करण जौहर की फिल्म को किया था मना

नई दिल्ली। सिद्धांत ने कॉलेज से थिएटर और प्ले में एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। कॉलेज में पॉपुलर फेस कंटेस्ट जीतने के बाद सिद्धांत ने अपने सीए फाइनल के एग्जाम छोड़कर ऑडिशन देना शुरू कर दिया था. उन्होंने करण जौहर के प्रोडक्शन में बन रही ब्रह्मास्त्र का ऑडिशन भी क्लियर कर लिया था, लेकिन बाद में पिता की सलाह के बाद उन्होंने इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। जबकि उन्हें तीन फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट ऑफर किया गया था मगर उन्होंने मना कर दिया। एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने बताया कि कैसे उनके पापा ने ब्रह्मास्त्र में काम करने से मना किया था। वो उस समय स्क्रिप्ट लिख रहे थे और मैं बहुत एक्साइटेड था। लेकिन, मेरे पिता ने मुझे ये नहीं करने दिया। उन्होंने कहा- तुम इससे बहुत बेटर हो। आज भी वह मुझे पुश करते हैं।

टीवी मसाला

'बिग बॉस 18' में एक-दूसरे से टकराएंगे ये सेलेब्स!

नई दिल्ली। बहुत जल्द सलमान खान का सबसे पॉपुलर टीवी शो 'बिग बॉस 18' कलर्स पर दस्तक देने जा रहा है। ऐसे में इसमें शामिल होने वाली कंटेस्टेंट के भी नाम सामने आने शुरू हो गए हैं। इस लिस्ट का पहला नाम टीवी एक्टर शीजान खान का है। जो एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा की आत्महत्या के बाद काफी विवादों में रहे थे। टीवी के फेमस शो 'ये हैं मोहब्बतें'में नजर आ चुके एक्टर करण पटेल का भी नाम बिग बॉस 18 के लिए सामने आ रहा है। सुरभि ज्योति - 'कुबूल है' और 'नागिन जैसे शोज में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत चुकी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति भी बिग बॉस 18 में हिस्सा ले सकती हैं। खबरें ये भी हैं कि इस बार शो में सोशल मीडिया स्टार जैन सैफ भी नजर आएंगी। इनके अलावा सोशल मीडिया सेंसेशन डॉली चायवाला वाला का नाम भी बिग बॉस 18 की लिस्ट में शामिल है। ये एक फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। बिग बॉस 18 के लिए बंगाल की जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस और टीएमसी की पूर्व सांसद रही नुसरत जहां का नाम भी सामने आया है। इस बार शो में टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर भी हिस्सा लेने जा रही हैं। जो अपनी दूसरी शादी टूटने को लेकर काफी दिनों से चर्चा में हैं।

बप्पा के पंडाल में सिमरन को करना पड़ा बदसलूकी का सामना

मुंबई। टीवी अभिनेत्री सिमरन बुधरूप हाल ही में लालबागचा राजा पंडाल में अपनी मां के साथ पहुंची थी, जहां उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सिमरन बुधरूप ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए पंडाल में अपने खराब अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने लिखा कि पंडाल में बप्पा के दर्शन करना निराशाजनक अनुभव रहा। मैं अपनी मां के साथ आशीर्वाद लेने के लिए लालबाग चा राजा गईं, मगर कर्मचारियों के बर्ताव ने चीजें खराब कर दी। सिमरन ने बताया कि वहां एक बाउंसर ने फोटो खींच रही मेरी मां के हाथ से फोन छीन लिया। मां ने अपना फोन वापस लेने की कोशिश की तो उन्हें धक्का मारा गया। इसके बाद मैं मामले में कूदी तो महिला बाउंसरों ने मेरे साथ भी बदसलूकी की। फिर मैंने उनकी इस हरकत को रिकॉर्ड करना शुरू किया तो उन्होंने मेरा भी फोन छीनने की कोशिश की। सिमरन ने आगे लिखा कि जब उन लोगों को मालूम हुआ कि वो एक अभिनेत्री हैं, तब जाकर वे पीछे हटे।

शाहरुख से भी महंगे घर में रहेंगी

नई दिल्ली। बॉलीवुड अदाकारा सोनम कपूर अपने पति और रईस बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ लंदन में एक आलीशान घर में रहती हैं। हालांकि अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सोनम और आनंद जल्द ही एक नए आलीशान महल में शिफ्ट होने वाले हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख के 'मन्नत' की कीमत 200 करोड़ रुपए है। वहीं, सोनम के नए घर की कीमत इससे 26 करोड़ रुपए ज्यादा है। दरअसल, सोनम के ससुर और आनंद के पिता हरीश आहूजा ने लंदन में ही करोड़ों की कीमत की एक नई प्रॉपर्टी खरीदी है। खबरें है कि इसमें सोनम और आनंद जल्द ही शिफ्ट होने जा रहे हैं। सोनम के ससुर हरीश आहूजा ने इसी साल जुलाई में ये प्रॉपर्टी खरीदी थी। हरीश आहूजा ने जुलाई में आठ मंजिला रेजिडेन्शियल कॉन्वेंट खरीदा था। ये घर नॉटिंग हिल में केनसिंगटोन गार्डनर से थोड़ी दूरी पर ही स्थित है। हरीश आहूजा ने इस आलीशान प्रॉपर्टी के लिए 226 करोड़ रुपए (27 मिलियन डॉलर) का भुगतान किया है। गौरतलब है कि सोनम कपूर और आनंद आहूजा का ये नया घर बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के घर से भी ज्यादा महंगा है। शाहरुख खान का घर 'मन्नत' काफी पॉपुलर है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख के 'मन्नत' की कीमत 200 करोड़ रुपए है। वहीं, सोनम के नए घर की कीमत इससे 26 करोड़ रुपए ज्यादा है।

एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होगी शाहिद-तृप्ति की फिल्म



मुंबई। निर्माता साजिद नाडियाडवाला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें सलमान खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, शुक्रवार को साजिद ने अपनी एक और एक्शन-थ्रिलर फिल्म की घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर की है। इस फिल्म में पहली बार शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज करेंगे। 13 सितंबर को साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने उनके आगामी प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा पोस्ट की। साजिद नाडियाडवाला द्वारा समर्थित और विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। साजिद ने पोस्ट में अपनी, तृप्ति, विशाल और शाहिद की तस्वीर का एक कोलाज साझा किया। और पोस्ट पर लिखा, 'मैं बेहद ही उत्साहित हूं अपने प्रतिभाशाली निर्देशक और मेरे प्रिय मित्र विश्ला भारद्वाज के साथ जुड़ने के लिए। साथ ही पावरहाउस अभिनेता शाहिद कपूर के साथ मिलकर काम करने के लिए बेहद रोमांचित हूं।

'तुम ही हो' होगी रोमांटिक फिल्म दिखेगी सिद्धांत-मृणाल की जोड़ी

मुंबई। निर्देशक संजय लीला भंसाली अपने बेहतरीन निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। संजय की कुछ समय पहले वेब सीरीज हीरामंडी रिलीज हुई थी। इस वेब सीरीज ने सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरीं। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार, अब संजय एक म्यूजिक आधारित प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की रोमांटिक जोड़ी देखने को मिलेगी। संजय की आगामी फिल्म का शीर्षक 'तुम ही हो' हो सकता है। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि, निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर किसी भी प्रकार की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग मई 2023 से शुरू हो चुकी है। फिल्मांकन का अगला शेड्यूल उत्तराखंड के खूबसूरत राज्य में होगा। टीम सितंबर के आखिर में उत्तराखंड जाएगी और शूटिंग के अगले चरण के लिए अक्टूबर में कुछ समय के लिए वहीं रुकेगी। सिद्धांत और मृणाल बाकी टीम के साथ वहां शूटिंग में शामिल होंगे।

अमोल की पहली हिंदी फिल्म के 50 साल पूरे, लगातार तीन फिल्मों ने मनाई थी जुबली

एंग्री यंगमैन के दौर में खूब भाया ये बॉय नेक्स्ट टूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म 'रजनीगंधा' की रिलीज को 50 साल पूरे हो गए हैं। गोल्डन जुबली मना रही यह फिल्म जब रिलीज हुई थी तो इसकी महक भी खूब बिखरी। यह फिल्म मन्नू भंडारी की कहानी 'सच यही है' पर बनाई गई थी। इसी फिल्म के जरिए अमोल पालेकर ने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही और सिनेमाघरों में फिल्म ने सिल्वर जुबली मनाई थी। यह भी दिलचस्प है कि अमोल पालेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के ऐसे इकलौते एक्टर हैं, जिनकी लगातार तीन फिल्मों ने सिल्वर जुबली मनाई। पहली फिल्म 'रजनीगंधा' के बाद 'छोटी सी बात' और 'चितचोर' ने भी सिल्वर जुबली मनाई थी।

अमिताभ बच्चन के साथ बनाने की थी योजना

बासु चटर्जी ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। दिलचस्प है कि बासु चटर्जी पहले इस फिल्म को अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और शर्मिला टैगोर के साथ बनाना चाहते थे। फिर उनका मन बदला और वे अपर्णा सेन के पास पहुंचे, लेकिन उनकी फीस बहुत ज्यादा थी। इसके बाद उन्होंने नए सितारों के साथ यह फिल्म बनाने का फैसला लिया। लिहाजा, अमोल पालेकर और विद्या सिन्हा को फिल्म में लिया गया। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी। कहा जाता है कि शुरुआत में इस फिल्म से वितरक हाथ खींच रहे थे। लेकिन, जब यह फिल्म सिनेमाघरों में लगी तो छा गई और सिल्वर जुबली फिल्म साबित हुई।

मिला था बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर

'रजनीगंधा' वर्ष 1974 की सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में शामिल है। वर्ष 1975 में 'रजनीगंधा' को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर मिला था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और सायरा बानो कैमियो भूमिका में नजर आए थे। दरअसल, फिल्म के दोनों लीड एक्टर ही सिनेमा में नए आवंतुक थे। इसी तरह धर्मेंद्र फिल्म 'छोटी सी बात' (1976) में भी हेमा मालिनी के साथ कैमियो भूमिका में दिखे। वे 'जानेमन जानेमन' गाने में नजर आए थे, जो मुख्य रूप से विद्या सिन्हा और अमोल पर फिल्माया गया था।

खूब हिट रहे फिल्म के गाने

इस फिल्म की रिलीज के वक्त आलम यह था कि बासु चटर्जी को फिल्म के लिए कोई वितरक नहीं मिल रहा था, इसलिए उन्होंने इसे मुंबई के आकाशवाणी सिनेमा में प्रदर्शित किया। इस फिल्म के दोनों गाने 'रजनीगंधा फूल तुम्हारे' और 'कई बार यूं ही देखा है' खूब हिट रहे। 'रजनीगंधा फूल तुम्हारे' तो बेहद लोकप्रिय रहा। इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया था। इसके बोल योगेश ने लिखे थे। 'कई बार यूं ही देखा है' गाने के लिए मुकेश को बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।